
* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

शुभ नवरात्रि

रांची 06 अक्टूबर, 2024, रविवार, वर्ष 09, अंक 346, आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# झारखंड भाजपा के पंच प्रण: दिख रहा विकास का संकल्प

## ▪ गृहिणियों से लेकर छात्रों और युवाओं तक को आर्थिक मजबूती

## ▪ महिला सशक्तिकरण से लेकर रोजगार के वृहद् द्वार खोलता यह प्रण

## ▪ झारखंड की जनता को भरोसा दिलाना होगा अब असली टास्क

**आजाद सिपाही विशेष**

आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र जारी करने का सिलसिला शुरू कर दिया है। पार्टी ने इसकी पहली किस्त पंच प्रण के नाम से जारी कर दिया है, जिसमें पांच संकल्पों को समाहित किया गया है। इस घोषणा पत्र से साफ हो जाता है कि भाजपा इस चुनाव को कितनी गंभीरता से ले रही है। संकल्प पत्र में झारखंड के विकास के प्रति भाजपा का संकल्प तो दिखता ही है, साथ ही आम लोगों को पार्टी से जोड़ने का एक स्पष्ट विजन भी नजर आता है। झारखंड भाजपा ने इस बार एक नया प्रयोग करते हुए आम लोगों के सुझाव से यह घोषणा पत्र तैयार किया है, इसलिए इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। भाजपा अपने पांच वचनों के साथ चुनावी मैदान में शंखनाद कर चुकी है। ये पांच वचन महिलाओं को आर्थिक मजबूती के साथ-साथ, युवाओं को सरकारी नौकरी से लेकर रोजगार के वृहद् मौकों का द्वार खोलेगी, वहीं छात्रों को भी आर्थिक मजबूती और भविष्य गढ़ने की शक्ति प्रदान करती हुई दिखाई पड़ती है। वहीं गरीबों का सहारा बनेगी हर घर छत। भाजपा ने घर के हर मेंबर्स को ध्यान में रख कर इन पांच वचनों के साथ आगाज किया है। वैसे बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर भाजपा और भी घोषणाओं के साथ जनता के बीच अपनी दावेदारी पेश करेगी। घोषणा पत्र में गोगो दीदी योजना के जिस संकल्प का जिक्र है, उसके लिए तो पार्टी ने आवेदन भी भरवाना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में हुए चुनाव में पार्टी ने यही काम किया था, जो उसकी जीत का प्रमुख कारण बना। इसलिए झारखंड में भाजपा ने अभी से ही अपने चुनावी वादों को धरातल पर उतारने का इरादा जाहिर कर दिया है। चुनाव पर इसका सकारात्मक असर पड़ना स्वाभाविक है। वैसे आक्रामक राजनीति के इस दौर में राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणा पत्र का कोई खास मतलब नहीं रहता है, लेकिन झारखंड भाजपा ने इस बार जो प्रयोग किया है, उसका दूरगामी असर पड़ने की पूरी संभावना है। इस संकल्प पत्र के हथियार से अपने विरोधियों को पराजित करने की झारखंड भाजपा की यह रणनीति असरदार ही नहीं, प्रभावकारी भी होगी, ऐसा भाजपा नेताओं को यकीन है। क्या है झारखंड भाजपा के पंच प्रण की खास बातें और इसका आसन्न चुनावों पर क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



### महिला बनेगी सशक्त कम होगी डिपेंडेंसी

नवरात्रि में शक्ति की आराधना और त्योहारों के उल्लास में डूबे झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव का दूसरा आक्रामक दौर शुरू हो गया है। राज्य की सत्ता को फिर से हासिल करने के लिए जी-तोड़ कोशिश में जुटी भाजपा ने इस चुनाव के लिए पंच प्रण के नाम से अपने चुनाव घोषणा पत्र का पहला भाग जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में पार्टी ने महिलाओं, युवाओं और गरीबों पर फोकस किया है।

### पांच सौ में गैस सिलेंडर, दो गैस सिलेंडर मुफ्त भी

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन में तैयार इस घोषणा पत्र में भाजपा का संकल्प साफ दिख रहा है। पार्टी ने एक बार फिर दिखाया है कि भाजपा माताओं-बहनों को सशक्त बनाने पर काम कर रही है। इतना ही नहीं, इसके लिए उसके पास ठोस योजनाएं भी हैं। पार्टी ने महिला सशक्तिकरण के लिए शुरू की गयी योजनाओं की कड़ी में झारखंड में गोगो दीदी योजना शुरू करने का संकल्प व्यक्त किया है, जिसमें 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को साल में 25 हजार दो सौ रुपये, यानी हर महीने 21 सौ रुपये दिये जाने की व्यवस्था है। पार्टी ने इस योजना के लिए आवेदन भरवाने का काम भी शुरू कर दिया है। इसके अलावा ᴾ राज्य में लक्ष्मी जोहार शुरू करेगी, जिसके तहत सभी घरों में 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध करायेगी। इन योजनाओं से महिलाओं का आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उनकी बहुत हद तक डिपेंडेंसी कम होगी। इस रकम से वे अपने बेहतर भविष्य के लिए पहला कदम उठा सकती हैं। भविष्य के लिए सेविंग्स भी कर सकती हैं।

### पांच साल में पांच लाख स्वरोजगार के अवसर

पार्टी ने महिलाओं के साथ युवाओं पर भी फोकस किया है। पार्टी राज्य में सुनिश्चित रोजगार शुरू करेगी, जिसके तहत झारखंड में युवाओं के लिए 5 साल में 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी। इसके अलावा, 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जायेग पहली कैबिनेट बैठक में ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी, जिससे नवंबर 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी हो जायेंगी। इसके अलावा, एक वार्षिक कैलेंडर पेश किया जायेगा, जिसमें सभी मौजूदा परीक्षाओं को एक ही परीक्षा में शामिल किया जायेगा।

### हर स्नातक और स्नातकोत्तर को दो साल के लिए दो हजार रुपये प्रति माह

आज छात्र संघर्ष कर रहा है। पढ़ाई से लेकर, हॉस्टल तक का खर्चा उन्हें मानसिक रूप से टेंशन देते रहता है। इसका समाधान भाजपा लेकर आयी है। भाजपा उन युवाओं की चुनौतियों का समाधान करेगी, जो अपना करियर शुरू करने में संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को दो साल के लिए 2,000 रुपये प्रति माह का युवा साथी भत्ता देगी। इससे उन्हें अपनी पढ़ाई और करियर के खर्चों जैसे की किताबें और कोचिंग फीस को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### गरीबों के सर पर छत

भाजपा राज्य में घर साकार शुरू करेगी, जिसमे सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित करने के लिए घरों के निर्माण के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध करायेगी, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से लागू करके 21 लाख घरों का निर्माण और प्रत्येक को ?1 लाख की बढ़ी हुई सहायता प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, 2027 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से 59 लाख घरों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया जायेगा।

### इन वादों को धरातल पर उतारने का प्लान

झारखंड भाजपा ने इन वादों को धरातल पर उतारने का प्लान भी तैयार कर लिया है। पार्टी का कहना है कि इन पांच संकल्पों को पूरा करने के लिए जरूरी रकम का इंतजाम कर लिया गया है। राज्य के खजाने पर इन योजनाओं का जो बोझ पड़ेगा, उसकी भरपाई आम लोगों पर बिना कोई अतिरिक्त बोझ डाले कर ली जायेगी। इसके लिए पूरी योजना तैयार है और सरकार बनते ही इस दिशा में काम शुरू कर दिया जायेगा। भाजपा का दावा है कि इन संकल्पों को पूरा करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार से भी मदद ली जायेगी और कहीं कोई मुश्किल नहीं होगी।

### पंच प्रण को लेकर पार्टी में उत्साह

हाल के दिनों में राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणा पत्र को आम लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं, लेकिन झारखंड भाजपा ने इस बार अपना पंच प्रण जनता के सुझाव से तैयार किया है। इसके लिए पार्टी ने बाकायदा एक सुझाव अभियान चलाया था और आम लोगों द्वारा दिये गये सुझावों को घोषणा पत्र में समाहित किया गया है। इसलिए इस घोषणा पत्र का स्वरूप इतना व्यापक हो गया है कि इसे पांच किस्तों में जारी किये जाने का फैसला हुआ है। पहली किस्त के जारी होने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार हुआ है। पंच प्रण को देखने के बाद यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इसमें चुनाव जीतने के लिए भाजपा के संकल्प की झलक साफ दिखाई देती है। किसी भी मुकाबले में जीत हासिल करने के लिए जिस उत्साह और तैयारी की जरूरत होती है, पंच प्रण में वह साफ नजर आ रही है।

### मतदाताओं पर क्या होगा असर

पंच प्रण का मतदाताओं पर क्या असर होगा, यह तत्काल तो नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इतना तय है कि लोग इसे हवा-हवाई नहीं मानेंगे। झारखंड भाजपा ने चूंकि अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए जरूरी कदमों की जानकारी भी साफ तौर पर दे दी है, तो लोगों में एक तरह का भरोसा जगेगा। महिलाओं और युवाओं के लिए पार्टी ने जो वादे किये हैं, उनका सकारात्मक असर जरूर पड़ेगा, ऐसा जानकारों का मानना है।

इस तरह झारखंड भाजपा ने अपने घोषणा पत्र की पहली किस्त के रूप में जारी पंच प्रण के साथ विधानसभा चुनाव में जीत के रास्ते पर आगे बढ़ने के अपने संकल्प को जनता के सामने रख दिया है। इसे झारखंड के लोग कैसे लेते हैं और भाजपा इसे लेकर कैसे आगे बढ़ती है, यह आनेवाले दिनों में देखने को जरूर मिलेगा। लेकिन इतना जरूर है पंच प्रण के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं को एक ऐसा अस्त्र मिल गया है, जिसे लेकर वे अभी से लोगों के पास जाने लगेंगे। पंच प्रण जारी होने के पहले सभी कुछ मौखिक था। भाजपा का यह पहला दस्तावेजी प्रमाण है, जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ता आसानी और सहज तरीके से लोगों के बीच जा सकते हैं।

---

# जमशेदपुर में भी नया मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनेगा: हेमंत

- मुख्यमंत्री जमशेदपुर में आयोजित एमजीएम अस्पताल के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन और ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम में हुए शामिल
- साकची डीएमएम पुस्तकालय-सह-बहुउद्देशीय भवन तथा कदमा में बहुउद्देशीय कान्वेंशन सेंटर का भी किया ऑनलाइन उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज कोल्हान, पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस क्षेत्र के आम जनमानस को बेहतर स्वस्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 500 बेड का एक भव्य अस्पताल हमारी सरकार समर्पित कर रही है। वर्षों से टाटा शहर में अवस्थित अस्पताल जनता की सेवा में था। वर्षों पुराना होने की वजह से उसकी स्थिति जर्जर होती जा रही थी। ऐसे में राज्य सरकार के निर्णय के अनुरूप एक नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आज से कोल्हान की जनता की सेवा में रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जमशेदपुर में भी नया मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया है। जल्द इसकी आधारशिला रखी जायेगी। जमशेदपुर के मानगो और पारीडीह में भी फ्लाईओवर का काम चल रहा है। बहुत जल्द इसमें वाहनों का परिचालन जमशेदपुरवासी शुरू कर सके, इसका प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को जमशेदपुर में आयोजित एमजीएम अस्पताल के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन और ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने साकची डीएमएम पुस्तकालय-सह-बहुउद्देशीय भवन तथा कदमा में बहुउद्देशीय कान्वेंशन सेंटर का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया।




#### झारखंड ने पूरे देश को ऑक्सीजन उपलब्ध करायी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को याद होगा कि जब राज्य में मेरे नेतृत्व में यहां के आदिवासी-मूलवासियों की अपनी सरकार का गठन 2019 में हुआ था, उसके चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। हमसभी को यह गर्व होना चाहिए कि देश के लोगों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित करने का काम झारखंड ने किया। पूरे देश में मेडिकल ऑक्सीजन सप्लाई करने में झारखंड नंबर एक रहा। विकट परिस्थिति के समय हमारी सरकार ने ऑक्सीजन सप्लाई कर पूरे देश के लोगों की जान बचाने का काम करती रही।

**सरकार की उपलब्धियों को गिनाया:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार शुरुआती दिनों से ही यहां के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में झारखंड के लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जाते हैं, इसलिए हमारी सरकार ने कानून बनाया कि यहां जो उद्योग लगेंगे उसमें 75% स्थानीय युवाओं को नियोजित करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में आर्थिक सहयोग जा रहा है।

**महत्वाकांक्षी योजनाओं का मिल रहा लाभ:** मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से लाभ प्रदान किया जा रहा है। किसानों का दो लाख रुपये तक का ऋण माफ किया गया। गरीब बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक का बकाया बिजली बिल माफ किया गया।

**छात्र-छात्राओं की समस्याओं का होगा समाधान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिये हैं। मैं आप सभी छात्रों से कहना चाहूंगा कि यह बात हमारे कानों तक आज पहुंची है। आप आश्वस्त रहें, एक माह के अंदर आपकी समस्या का समाधान होना प्रारंभ हो जायेगा।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक समीर कुमार मोहंती, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, गौ-सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा के रिजल्ट पर उठाया सवाल

# चुनाव में बेरोजगार युवा देंगे सरकार को जवाब: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगरपालिका सेवा संवर्ग की परीक्षा के परिणाम पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सवाल किया है। 4 अक्टूबर को जारी इस एग्जाम के रिजल्ट को शेयर करते हुए एक्स पर उन्होंने लिखा है कि परीक्षा नयी, लेकिन सीट बेचने की स्क्रिप्ट वही पुरानी। बाबूलाल के अनुसार, नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा की मेधा सूची में क्रम से अभ्यर्थियों के सफल होने के बाद इसकी भी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिह्न खड़े हो गये हैं। संभावना है कि हेमंत सोरेन ने नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा में सीट बेचने के लिए जेपीएससी और पीजीटी परीक्षा वाली पुरानी स्क्रिप्ट ही चुनी हो और लगातार क्रम से अभ्यर्थियों को पास कर दिया हो। ऐसा ही कारनामा हेमंत ने जेपीएससी और पीजीटी की परीक्षा में भी किया था, जब एक ही सेंटर और लगातार क्रम से सैकड़ों अभ्यर्थी परीक्षा में पास हुए थे।



#### नौकरी का हो रहा सौदा

बाबूलाल के अनुसार हेमंत सोरेन झारखंड के युवाओं को ठेंगा दिखा कर करोड़ों रुपये की लालच के लिए राज्य के युवाओं की नौकरी का सौदा कर रहे हैं। अकूत संपत्ति इकट्ठा करने की चाहत में उन्होंने गरीब बेरोजगारों के हक की नौकरियों को बेचने का धंधा खोल रखा है। बाबूलाल ने भरोसा जताते यह भी कहा है कि आगामी चुनाव में झारखंड के युवा/बेरोजगार एकजुट होकर भ्रष्ट और लालची हेमंत सोरेन सरकार को करारा जवाब देंगे।

---

जेएमएम ने बीजेपी के 'पंचप्रण' को बताया कॉपी पेस्ट, कहा-

# हमारी योजनाएं भूत बन कर भाजपा के साथ चल रहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि बीजेपी का चुनावी घोषणा पत्र यानी पंचप्रण कॉपी पेस्ट है। जेएमएम नेता ने कहा कि बीजेपी के नेता दरअसल पांच साल तक राजनीतिक रूप से बेरोजगार हो गये थे। हर पांच साल में ये लोग रोजगार की तलाश में निकलते हैं। इसी तरह ये लोग भी रोजगार के लिए निकले हैं। कुछ दिन पहले कहा गया कि बीजेपी का घोषणा पत्र किस्तों में जारी होगा। कहा कि ये घोषणा पत्र है या टीवी सीरियल, इसे समझना होगा। कहा, बीजेपी किस्तों में घोषणा पत्र ला रही है। उन्होंने आगे कहा, बीजेपी अपनी घोषणा में कहती है कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत अब तक 3 लाख युवाओं को नौकरी दी है। कहा बीजेपी द्वारा 2 सिलेंडर मुफ्त और 500 रुपये में सिलेंडर देने की बात कही है। यह योजना भी कांग्रेस की ही देन है। कहा कि बीजेपी के इर्द-गिर्द हमारा भूत घूम रहा है। जेएमएम नेता ने कहा, जब झारखंड 25 साल का होगा, तब ये लोग जनता को 25 पंच बतायेंगे। इसी तरह जब 15 नवंबर होगा तब 150 सकारात्मक बातें बतायेंगे। कहा कि बीजेपी को दरअसल अब ओझा गुनी की जरूरत है। इन्हें झाड़फूक करके शांत किया जा सकता है। बीजेपी केवल कॉपी पेस्ट कर रही है। बाबूलाल को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का काम मत कीजिए, जिससे जनता भ्रम में पड़ जाये।



#### जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए ला रहे गोगो दीदी योजना

सुप्रियो ने आगे कहा कि घोषणा पत्र में बीजेपी महिला सशक्तिकरण की बात कर रही है। लेकिन इसी पार्टी और इनकी सरकार ने अब तक 33% महिला आरक्षण पर बात नहीं की है। इस पर अब तक अमल नहीं किया गया। कहा, जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए गोगो दीदी योजना लाने की बात कही गयी है। जेएमएम प्रवक्ता ने कहा, हमारी योजनाएं भूत बन कर बीजेपी के साथ-साथ चल रही हैं। वे गोगो दीदी योजना लेकर आ रहे हैं। उन्हें यह समझाना पड़ रहा है कि गोगो का मतलब क्या होता है, ये क्या है। संथाली में गोगो को मां कहा जाता है। सुप्रियो ने कहा कि गोगो दीदी योजना हमारी मंईयां सम्मान योजना की कॉपी पेस्ट है। कहा, बीजेपी ने अपनी अगली घोषणा में कहा है कि सबको पक्का मकान दिया जायेगा। यह भी महागठबंधन की योजना अबुआ आवास का कॉपी पेस्ट है। अबुआ मतलब सभी का होता है। इस तरह सबको आवास का मतलब अबुआ आवास हुआ।




कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 06 अक्टूबर, 2024, रविवार, वर्ष 09, अंक 346, आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
Grand Opening
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## नवरात्रि : चौथा दिन

### कूष्मांडा



नवरात्रि-पूजन के चौथे दिन कूष्मांडा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृत में कुम्हड़े को कूष्मांड कहते हैं इसलिए इस देवी को कूष्मांडा। इस देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कांति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीब्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। अचंचल और पवित्र मन से नवरात्रि के चौथे दिन इस देवी की पूजा-आराधना करनी चाहिए। इससे भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है तथा उसे आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है। यह देवी अत्यल्प सेवा और भक्ति से ही प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं। सच्चे मन से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है। विधि-विधान से पूजा करने पर भक्त को कम समय में ही कृपा का सूक्ष्म भाव अनुभव होने लगता है। यह देवी आधियों-व्याधियों से मुक्त करती हैं और उसे सुख समृद्धि और उन्नति प्रदान करती हैं। अंततः इस देवी की उपासना में भक्तों को सदैव तत्पर रहना चाहिए।

**मन्त्र:**

सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।

दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥

# भाजपा के पंचप्रण, महिलाओं-युवाओं पर फोकस

## गोगो दीदी योजना से महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये: बाबूलाल

**भाजपा ने पोस्टर पर लिखा**

### भरोसे की बहार : झारखंड में भाजपा सरकार




- प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा समेत अन्य नेता थे मौजूद

**अजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है। नवंबर-दिसंबर में चुनाव होने की उम्मीद है। सभी राजनीतिक दल इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। जनता से नये-नये वादे किये जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में अपना 'पंच प्रण' जारी किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर 'पंच प्रण' यानी पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे। सभी ने मिल कर 'पंच प्रण' जारी किया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नवरात्रि में हम सब नव दिनों तक आराधना करते हैं। भाजपा भी मां दुर्गा और शक्ति की आराधना के साथ देश की आराधना में लगी हुई है। भाजपा मां-बहनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। भाजपा और मोदी सरकार में मां-बहनों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गसर। इससे महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में सीटें आरक्षित हुईं। भाजपा ने सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की। महिलाओं को मुफ्त में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया। भाजपा ने स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत अभियान चलाया। गरीबों को पीएम आवास का घर दिलाया। पीएम मातृ गरीब योजना, लखपति दीदी योजना और जनधन योजना के तहत 30 करोड़ खाता खोला गया। भाजपा ने छात्रों को साइकिल देना प्रारंभ किया। ऐसी कई योजनाओं से भाजपा ने देश और राज्य का विकास किया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इन योजनाओं का उदाहरण सिर्फ इसलिए रखा गया, ताकि लोगों को यह नहीं लगे कि हेमंत सोरेन जो अभी योजनाएं ला रहे हैं, उसको देख कर भाजपा ये योजनाएं लागू कर रही है।

### पार्टी की पांच घोषणाएं

- भाजपा गोगो दीदी योजना शुरू करेगी। इसके तहत झारखंड की बहनों-माताओं के बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता हस्तांतरित की जायेगी।
- भाजपा राज्य में लक्ष्मी जोहार शुरू करेगी। इसके तहत सभी घरों में 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध करायेगी।
- भाजपा राज्य में सुनिश्चित रोजगार शुरू करेगी। इसके तहत झारखंड में युवाओं के लिए 5 साल में 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती की जायेगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए, पहली कैबिनेट बैठक में ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इससे नवंबर 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी हो जायेंगी। इसके अलावा, एक वार्षिक कैलेंडर पेश किया जायेगा, जिसमें सभी मौजूदा परीक्षाओं को एक ही परीक्षा में शामिल किया जायेगा।
- भाजपा उन युवाओं की चुनौतियों का समाधान करेगी, जो अपना करियर शुरू करने में संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए भाजपा हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को दो साल के लिए 2,000 रुपये प्रति माह का युवा साथी भत्ता देगी। इससे उन्हें अपनी पढ़ाई और करियर के खर्चों जैसे की किताबें और कोचिंग फीस को पूरा करने में मदद मिलेगी।
- भाजपा राज्य में घर साकार शुरू करेगी। इसके तहत झामुमो सरकार के कुशासन को सुधारने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित करने के लिए घरों के निर्माण के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध करायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से लागू करके 21 लाख घरों का निर्माण और प्रत्येक को एक लाख रुपये की बढ़ी हुई सहायता प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, 2027 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से 59 लाख घरों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में भाजपा पर साधा निशाना

# ठगबाज भाजपा का झूठा आश्वासन झारखंड में नहीं चलेगा: हेमंत सोरेन

- भाजपा की गोगो दीदी योजना पर कहा, ओड़िशा में सरकार है, महिलाओं को कितना पैसा दे रही है?
- जमशेदपुर में आयोजित एमजीएम अस्पताल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन और ओपीडी के शुभारंभ कार्यक्रम में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा यहां सत्ता इसलिए चाहती है, क्योंकि उसे झारखंड के संसाधनों को लूटना है। भाजपा की गोगो दीदी योजना पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ठगबाज भाजपा मुगालते में न रहे! भाजपा को लगता है कि झूठा फॉर्म भरवा कर लोगों को ठगने की कोशिश में वह सफल हो जायेगी? भाजपा बोलती है कि वो 2100 रुपये देगी। भाजपा यह बताये कि उनकी ओड़िशा में सरकार है। महिलाओं को कितना पैसा दे रही है? झूठी भाजपा का झूठा आश्वासन झारखंड में नहीं चलेगा।



### दुर्गा पूजा में तीसरी किस्त भी जा रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य की महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। महिलाओं के खाते में सम्मान राशि जा रहीहै। दो किस्त तो चली भी गयी है। आने वाले दो-तीन दिनों में हम तीसरी किस्त भी लाखों दीदी-बहनों के खाते में डालने वाले हैं, ताकि आपका दुर्गा पूजा का त्योहार खुशीपूर्वक मन सके। विपक्षियों ने इस योजना को बंद करने के लिए कोर्ट में आवेदन डाला है। हम स्थानीय के लिए नियोजन नीति बनाते हैं, तो कोर्ट में जाकर उसे भी विपक्ष के लोग असंवैधानिक घोषित करा देते हैं। बड़ी विचित्र स्थिति है।

**भाजपा पर साधा निशाना:** हेमंत ने कहा कि अब भाजपा के लोग झूठा फॉर्म भरवा रहे हैं। बोलते हैं, 2100 रुपये देंगे। ये लोग झूठा आश्वासन, झूठा राशन देने में आगे हैं। बोले थे विदेश से काला धन लायेंगे और सबके खाते में 15-15 रुपये लाख डालेंगे। बतायें किसके खाते में 15 लाख रुपया आया? गरीब-गुरबा को अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से आपकी राज्य सरकार द्वारा लाभ प्रदान किया जा रहा है। किसानों का 2 लाख रुपये तक का ऋण माफ किया गया। गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ किया गया। 200 यूनिट तक बिजली भी मुफ्त कर दी गयी।

### बकाया मिला, तो हर एक महिला के खाते में डालेंगे तीन-तीन लाख रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की कोयला कंपनी के पास झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया है। अगर यह पैसा हमें मिल जाये तो हम इस स्थिति में होंगे कि हर महिला के खाते में तीन-तीन लाख रुपया डाल सकें। भाजपा के लोग, हम लोगों के जात-बिरादरी के लोगों को, जो कमजोर है, जो संघर्ष नहीं कर सकता, लड़ नहीं सकता, उसे अपने पाले में डाल कर हमारे बीच में भेज कर उल्टा-सीधा पाठ पढ़ाते हैं। आप सभी ध्यान दीजिएगा, आने वाले चुनाव में भाजपा के बहरूपियों से सावधान रहियेगा।

## तमाड़ से मंईयां सम्मान यात्रा का दूसरा चरण शुरू

# गोगो दीदी योजना का झूठा आश्वासन देकर भाजपा चूना लगाना चाहती है: कल्पना सोरेन

- मंत्री बेबी देबी, दीपिका पांडे सिंह, विधायक कल्पना सोरेन और विकास मुंडा हुए शामिल

**स्वरूप भट्टाचार्य**

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भाजपा की गोगो दीदी योजना पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे देश को फॉर्म भरवा कर करोड़ों लोगों को कई बार चूना लगाने का काम किया है। पहले इन्होंने 15 लाख रुपये के लिए फॉर्म भरवाया। फिर 2 करोड़ नौकरी के लिए। क्या हुआ सब जानते हैं। अब फिर भाजपा का झारखंड में कोई फॉर्म भरवाने का जुमला शुरू होनेवाला है। झारखंड की जनता ने 20 साल भाजपा की जुमलेबाजी को देखा है। भाजपा का झूठ, षड्यंत्र और फरेब अब चलने वाला नहीं है। कल्पना शनिवार को तमाड़ में मंईयां सम्मान यात्रा के शुभारंभ मौके पर पर बोल रहीं थीं। इस मौके पर मंत्री बेबी देवी और दीपिका पांडे सिंह और विधायक विकास मुंडा भी मौजूद थे।

**सरकार की उपलब्धियों को गिनाया:** कल्पना ने कहा कि झारखंड की आवाज को संगठित होकर उठायें, जिसे विपक्षी दल सुन पायें। पिछली भाजपा सरकार ने 2014 में हजारों आदिवासी को केस करके फंसा दिया था। हमारी सरकार बनी, पहली केबिनेट में ही दस हजार केस को मुक्त करा दिया। हम लोग हमारे हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ते हैं। आदिवासी भाई बहनों की आवाज को सशक्त बनाना है। उन्होंने हेमंत सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मंईयां सम्मान योजना, जल सहिया दीदी का मानदेय बढ़ाने अबुआ आवास योजना, सावित्री भाई फुले, स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों तक में पढ़ाई के लिए शुरू की गयी योजनाओं, बिजली बिल माफी आदि का जिक्र किया।

**दोनों मंत्रियों ने भी केंद्र पर साधा निशाना:** मंत्री दीपिका सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहनों के साथ खड़े हैं। महिलाओं के लिए हजारों करोड़ों का बजट रखा। केंद्र सरकार महिलाओं के लिए कुछ नहीं कर रही है। केंद्र सरकार बहुरुपिए की सरकार है। मंत्री बेबी देवी ने कुरमाली भाषा में लोगों से रूबरू हुईं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के मौके पर खाता में मंईयां योजना का पैसा पहुंचेगा। बैंक से निकाल कर नये कपड़े खरीदें। विधायक विकास मुंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि महिलाएं सशक्त हों। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए वह झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लेकर आये हैं और इसे धरातल पर उतारने का काम किया है।



### जुमलेबाजों से रहें सचेत

कल्पना ने कहा कि ये भाजपा वो सरकार है, जो पर्चा भरवाती है, जुमले करती है। अभी हाल में मुझे सुनने को आया कि हमारी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बदले ये लोग नयी योजना को लेकर एक कागज भरवा रहे हैं। सचेत रहियेगा। ये जुमलेबाजी वाली जो सरकार है, सिर्फ फॉर्म भरवाती है। उन्होंने कहा कि हमारी चाहे जितनी भी योजनाएं हों। वो लागू करने के लिए आपके हेमंत सोरेन लगे रहते हैं। उन्हें धारतल पर लागू किया जाता है। हम मुंह से बोल कर काम नहीं करते हैं। हम धरातल में योजनाएं लाकर काम करते हैं। दिखाते हैं कि हमने काम किया है।

# गृह मंत्री उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कल करेंगे बैठक

- आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओड़िशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भाग लेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में आंध्रप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओड़िशा, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भाग लेंगे। साथ ही



वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में राज्यों का सहयोग कर रहे केंद्रीय मंत्रालयों के पांच मंत्री और उच्चाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। केंद्र सरकार वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित सभी राज्यों को इस समस्या से निपटने में हरसंभव सहायता दे रही है। अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ इस तरह की पिछली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता 06 अक्टूबर 2023 को की थी। उस बैठक में गृह मंत्री ने वामपंथी उग्रवाद को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक दिशा निर्देश दिये थे। वर्ष 2024 में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के विरुद्ध आशातीत सफलता मिली है।

### हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के एग्जिट पोल में भाजपा का सफाया

**नयी दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ रहे हैं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार में वापसी करती दिख रही है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सत्ता में आने का रास्ता साफ हो रहा है। हरियाणा के आठ और जम्मू-कश्मीर के सात एग्जिट पोल्स सामने आये हैं। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है। नतीजों का एलान 8 अक्टूबर को होगा। इन राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटों पर जीत की जरूरत है। दोनों जगह भाजपा का सफाया होता दिख रहा है।





आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण खबरें

### संत जेवियर कॉलेज में एनएसएस का वार्षिक महोत्सव



रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर कॉलेज रांची में शनिवार को हम नहीं परंतु आप प्रज्ञान नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) का 56 वां वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका आयोजन नेशनल सर्विस स्कीम संस्थान ने हर वर्ष जैसे इस वर्ष भी किया। कार्यक्रम में लगभग 500 छात्राओं ने मिल कर सहभागिता दिखायी और कई संगीत, नृत्य और फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी। साथ ही आजादी का महोत्सव में हुए सभी प्रतियोगिता नुक्कड़ नाट्य, संगीत, नृत्य और क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी थी उन सभी को पुरुस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ फादर एन लकड़ा एसजे अपने अनमोल वचनों से सभी का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि पूर्व एनएस एस ऑफिसर डॉ कमल बोस जी ने विद्यालय के युवाओं को संबोधित किया। वर्तमान एनएसएस ऑफिसर डॉ अनिर्बन दास गुप्ता संस्थान को चिह्नित करते हुऐ कहा कि युवाओं को समाज के विकास हेतु कैसे नयी विधाओं का पथ चुनना चाहिए। कार्यक्रम में कॉमर्स डिपार्टमेंट के प्रधान डॉ नरेंद्रनाथ सिंह, बीबीए डिपार्टमेंट के प्रधान डॉ अभिजीत डे, बर्सर हेमंत कुजूर, बीजेएमसी के शिक्षक और अन्य विभाग के शिक्षकगण भी उपस्थिति रहे।

### महात्मा गांधी के श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए सुजीत उपाध्याय



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में विशेष श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किये गये। इस पवित्र अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयुक्त सचिव और फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल गवर्नमेंट ऑफ झारखंड के सदस्य, साथ ही झारखंड के सोनू सूद के नाम से मशहूर सुजीत उपाध्याय ने भी हिस्सा लिया। सुजीत उपाध्याय ने बताया कि इस प्रार्थना सभा में भाग लेना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आशीर्वाद से वे इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बन पाये।

### रांची विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन जारी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड अतिथि शिक्षक संघ के तत्वावधान में शनिवार को रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर में अतिथि शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और आंदोलन जारी है। यह आंदोलन पिछले 25 सितंबर 2024 से चल रहा है, जिसमें अतिथि शिक्षक अपने लंबित मानदेय भुगतान और अन्य मूलभूत मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे हैं। अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि दुर्गा पूजा की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन हमारी जेब खाली है। विवि प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण हमें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नेता डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि हम महामहिम कुलाधिपति सह राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील करते हैं कि वे अतिथि शिक्षकों के लंबित मानदेय का भुगतान कराएं और हमारी मूलभूत समस्याओं का समाधान करें। आंदोलन में शामिल अतिथि शिक्षकों ने विवि प्रशासन के साथ नोक-झोंक भी की। उपाध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा कि जब तक हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर शिव कुमार, आलोक उत्पल, विकास कुमार, निहारिका महतो, डॉ. पूनम सिन्हा, तल्हा नदवी, सचिन साहू, रिंकी, डॉ. आशीष, शुभम, सबीएल लकड़ा, सुमित, सुजीत, डॉ. रीना, स्वरूपा, निहाल टोप्पो, अनीश अतुल, सूरज विश्वकर्मा, डॉ. अनिमा प्रसाद, सुल्ताना परवीन सहित कई अन्य शामिल हैं।

### रांची में श्री श्याम मित्र मंडल का श्री श्याम भंडारा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित 129वें श्री श्याम भंडारे में हजारों भक्तों ने भाग लिया। यह आयोजन हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में नवरात्र के तृतीय दिवस पर हुआ। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 2500 से अधिक भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। भंडारे में नमक अजवाइन का पुड़ी, आलू चना का मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, उप मंत्री अनिल नारनौली, राजीव रंजन मित्तल, कविता मित्तल सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों में सोमवार को तिलक श्रृंगार और मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ होगा। उन्होंने भक्तजनों से इन कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया।

# सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग पर छात्रों का आंदोलन तेज

## लगभग 45 मिनट तक पूरा अल्बर्ट एक्का चौक जाम रहा

**राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में संध्या मशाल जुलूस और पुतला फूंका**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन तेज हो गया है। शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संपूर्ण झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में संध्या मशाल जुलूस सह मुख्यमंत्री और जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन किया गया। रांची में मशाल जुलूस शाम को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। पुतला दहन के बाद छात्रों ने अलबर्ट एक्का चौक जाम कर दिया। तकरीबन 45 मिनट तक पूरा अल्बर्ट एक्का चौक जाम रहा। इस दौरान कई गाड़ियों के साथ जाम में एम्बुलेंस भी फसी रही। प्रशासन के समझाने के बाद छात्र माना इसके बाद फिर जाम हटा। बता दें कि झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेतृत्व में छात्रों ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। इसके अलावा, 6 अक्टूबर को डिजिटल प्रहार एक्स अभियान चलाया जायेगा, जिसमें # कैंसल जेएसएससी सीजीएल ट्विटर अभियान चलाया जायेगा। 7 अक्टूबर को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के साथ उपायुक्त कार्यालय के मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, राज्यपाल और जेएसएससी अध्यक्ष को लिखित ज्ञापन सौंपा जायेगा। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने इस चरणबद्ध आंदोलन को सफल बनाने के लिये राज्य के सभी छात्र, अभिभावक, शिक्षक और सभी सामाजिक संगठनों से समर्थन का अपील किया है। बता दें कि 21 और 22 सितंबर को आयोजित सीजीएल परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया था, जिसके बाद से छात्रों ने परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

# हेमंत सोरेन से मिले अजयनाथ शाहदेव



**हटिया में मेगा आइटी पार्क, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की मांग**

आजाद सिपाह संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इसके बाद श्री शाहदेव ने मीडिया को जानकारी देते बताया कि हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मांगों को लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलने गये थे। इनमें हटिया विधानसभा क्षेत्र में मेगा आइटी पार्क की स्थापना, रातू और नगड़ी प्रखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण और रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर नगड़ी में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण का मांग पत्र भी सौंपा।

# स्नैचिंग से जुड़ी दो महिला सहित पांच अपराधी गिरफ्तार

**दोनों महिला स्नैचरों के लिए रिसीवर का काम करती थीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में पुलिस लगातार शहर में छिनतई करने वाले गिरोह को टारगेट कर रही है। इसी क्रम में रांची के सदर और लालपुर इलाके से दो महिलाओं समेत पांच स्नैचर्स को पकड़ा गया है। रांची में पहली बार स्नैचिंग किये गये गहनों को छुपाने वाली दो महिला अपराधी भी पकड़ी गयी हैं। गिरफ्तार दोनों महिलाएं छिनतई किये हुए सोने की चेन अपने पास रखती थीं, जबकि उनका पुरुष साथी चेन की छिनतई करता था। पुरुष अपराधी जब किसी महिला या पुरुष से चेन की छिनतई करते थे, तो गिरोह की महिला साथी रास्ते से ही छीनी हुई चेन रिसीव कर लेती थीं, इस वजह से अगर अपराधी पकड़े भी जाते थे, तो खुद को निर्दोष बताकर निकल जाते थे। गिरफ्तार महिलाएं पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी की रहने वाली हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अनिकेत दास, फुनो ग्वाला और झुनिया राय शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो सोने की चेन, मोबाइल और छिनतई के दौरान इस्तेमाल किये गये कपड़े भी बरामद किये गये हैं। सिटी एसपी ने बताया कि इसी सप्ताह गिरफ्तार अनिकेत दास द्वारा सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में एक महिला के घर के बाहर से दो लाख की छिनतई की गयी थी। अनिकेत दास ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उस समय इस वारदात को अंजाम दिया था, जब बुजुर्ग महिला बैंक से पैसे निकालकर अपने बेटे के साथ घर लौट रही थी।

# राज्यपाल ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बने पूजा पंडाल का किया उद्घाटन





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को रांची के पुराना विधानसभा मैदान धुर्वा में श्रीराम लला पूजा समिति की ओर से अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही मां के दर्शन के लिए पट खोल दिया गया। पूजा पंडाल में 30 फीट ऊंची हनुमान जी की 4डी मूर्ति भी काफी लुभा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्यवासियों को नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

मौके पर अध्यक्ष अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल आजमानी ने कहा कि 12 अक्टूबर तक पंडाल का पट खुला रहेगा। भक्तों को हरसंभव सहयोग और सुरक्षा देने की समुचित व्यवस्था की गयी है। सुरक्षा गार्ड के साथ 60 से ज्यादा सीसीटीवी लगाये गये हैं। फायर सेफ्टी और एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है। पार्किंग की भी सुविधा रहेगी। पार्किंग जोन में करीब चार सौ गाड़ियां आ सकेंगी। पंडाल के दो ओर से प्रवेश और निकास द्वार रहेगा, ताकि किसी तरह की असुविधा न हो। पंडाल परिसर के अंदर कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टॉल भी लगाये गये हैं।

उद्घाटन के दौरान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, पूर्व झारखंड विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा सदस्य सीपी सिंह तथा विधानसभा सदस्य नवीन जयसवाल मौजूद थे।

# सरकारी योजनाओं का मिल रहा है लाभ या नहीं : आशा लकड़ा

**ओरमांझी के ग्रामीणों से किया संवाद, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में पूछा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने शनिवार को ओरमांझी प्रखंड में आम लोगों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यों की जानकारी दी। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। आशा लकड़ा ने बताया कि संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या बतायी। जमीन से संबंधित कई मामले भी सामने आये। मसना और सरना स्थल की घेराबंदी नहीं करायी गयी है। इसके अलावा पेंशन, पीएम आवास से संबंधित कई मामले भी सामने आये। सूची में संबंधित लाभुकों का नाम दर्ज नहीं किया गया है।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शिल्पकारों-कारीगरों को चेताया, मूर्ति बनाने में थर्मोकोल का उपयोग नहीं करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शिल्पकारों और कारीगरों को चेतावनी दी है। बोर्ड के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कारीगर किसी भी मूर्ति को बनाने में थर्मोकोल का उपयोग नहीं करें। मां दुर्गा सहित अन्य मूर्तियों के निर्माण में चिकनी और शुद्ध मिट्टी का ही उपयोग करें। मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस का भी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

**कारीगरों और शिल्पकारों को दिये गये हैं निर्देश :** जल प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण के अनुकूल मूर्ति निर्माण में मिट्टी और पुआल का इस्तेमाल करें।

मूर्तियों की सजावट में प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल करें। सजावटी कपड़ों का इस्तेमाल करें। रासायनिक डाई और ऑयल पेंट का इस्तेमाल न करें। मूर्तियों के श्रृंगार के लिए सूखे पुआल और प्राकृतिक रेजिन का उपयोग करें।

शिल्पकारों और कारीगारों का निकायों में रजिस्ट्रेशन जरूरी है। जो शिल्पकार रजिस्टर्ड नहीं होंगे, उन्हें मूर्ति निर्माण कार्य से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

# अन्नपूर्णा देवी ने एम होटल रेस्टोरेंट और बैंक्वेट हॉल का शुभारंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एम होटल रेस्टोरेंट और बैंक्वेट हॉल, आनंद हाइट कमर्शियल बिल्डिंग अरगोड़ा रांची का उद्घाटन अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस तरह के बैंक्विट और रेस्टोरेंट खुलने से लोगो को सुविधा होंगी। बेहतर सुविधा के साथ बैंक्वेट हॉल और रेस्टोरेंट की काफी लंबे समय से जरूरत थी। मौके पर होटल संचालक महेश महतो, मदन कुमार, मदन प्रसाद, नीरज कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद थे। वहीं होटल के संचालक महेश महतो ने बताया कि यहां आम लोग और खाने-पीने के साथ-साथ शादी, विवाह, बर्थडे पार्टी या किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के लिए विशेष सुविधाएं दी गयी हैं। संचालक ने यह भी कहा कि यहां आने वाले ग्राहकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। अन्य बैंकवेट और रेस्टोरेंट्स की तुलना में यहां बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, खासकर स्वादिष्ट और उच्च गुणवत्ता वाला भोजन ग्राहकों को प्रदान किया जायेगा।

## आइआइटी-जेइइ की तैयारी में क्रांतिकारी कदम

# ब्रदर्स एकेडमी ने गणित पुस्तक लॉन्च की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आइआइटी-जेइइ कोचिंग में अग्रणी संस्थान, ब्रदर्स एकेडमी ने आइआइटी-जेइइ की तैयारी के लिए शनिवार को एक द्विभाषी गणित पुस्तक लॉन्च की, जो आइआइटी-जेइइ मेन और एडवांस्ड तैयारी के लिए प्रसिद्ध गणितज्ञ संदीप तिवारी सर द्वारा लिखी गयी है। ब्रदर्स एकेडमी में छात्रों के बीच संदीप तिवारी सर को एमएसटी सर के नाम से भी जाना जाता है। आइआइटी-जेइइ कोचिंग में 15 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, संदीप तिवारी सर ने 10 साल पहले ब्रदर्स अकादमी में गणित संकाय के रूप में शामिल होने से पहले कोटा और दिल्ली में पढ़ाया है। यह अग्रणी पुस्तक आइआइटी-जेइइ की तैयारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पुस्तक पूरी तरह से आइआइटी-जेइइ मेन और एडवांस्ड पर केंद्रित है। प्रश्न अंग्रेजी में हैं, जबकि सिद्धांत और उत्तर हिंदी और अंग्रेजी दोनों में समझाये गये हैं।

आइआइटी-जेइइ मेन और एडवांस्ड के लिए अलग-अलग अभ्यास प्रदान किये जाते हैं, जिससे दोनों परीक्षाओं के उम्मीदवारों को लाभ मिलता है। संदीप तिवारी सर ने ब्रदर्स अकादमी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और निदेशक पारस अग्रवाल सर, प्रेम प्रसून सर, और सुभेंदु शेखर सर, साथ ही सहकर्मियों सौरभ सिंघानिया सर (सीएसएस) और अमित जिंदल सर (पीएजे) को विशेष आभार व्यक्त किया। ब्रदर्स अकादमी का समर्थन और मेरे सहयोगियों का प्रोत्साहन अमूल्य रहा है। यह पुस्तक अब अमेजॅन, फ्लिपकार्ट और रांची के प्रमुख बुकस्टोर्स पर उपलब्ध है।

# भजंत्री हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने के बाद से मामले ने तूल पकड़ लिया है। आयोग का कहना है कि भजंत्री को चुनाव के दौरान डीसी बनाया जाना हाइकोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। वहीं चुनाव आयोग की सरकार को चिट्ठी के बाद मंजूनाथ भजंत्री सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी सरकार को चिट्ठी लिख कर दी है। मंजूनाथ ने कहा कि किसी को भी हाइकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में ले जाने का पूरा अधिकार है।

**कार्मिक ने शुरू की अपनी कार्यवाही :** इधर सरकार की तरफ से कार्मिक विभाग ने अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है। कार्मिक विभाग की तरफ से मुख्य सचिव को मामले से संबंधी सभी कागजात भेजा जा चुका है। आने वाले दिनों में संभवतः मुख्य सचिव या कार्मिक की तरफ से चुनाव आयोग को मामले से जुड़ी कार्यवाही के बारे में जानकारी दी जाये। कार्मिक की तरफ से मुख्य सचिव को भेजी गयी फाइल में यह भी कहा गया है कि मामले पर सरकार अपनी तरफ से निर्णय ले।

**क्या था पूरा मामला :** चुनाव आयोग की तरफ से मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन देवघर डीसी द्वारा आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश किये जाने की वजह से उन्हें 26 अप्रैल 2021 को उपायुक्त के पद से हटा दिया गया था। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें फिर से देवघर डीसी के पद पर स्थापित करने का आदेश दिया था। इसके करीब छह महीने बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग को रिपोर्ट भेज कर यह जानकारी दी कि डीसी ने चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ एक ही दिन छह प्राथमिकी दर्ज की है।

आयोग ने इस पर उपायुक्त से स्पष्टीकरण पूछा। जवाब संतोषप्रद नहीं होने की वजह से 6 दिसंबर 2021 को आयोग ने उपायुक्त को हटाने और भविष्य में आयोग की अनुमति के बिना चुनाव से जुड़े काम में पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# पत्रकारिता का दायित्व सिर्फ सूचना देना नहीं समाज को जागरूक करना भी है : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले शिक्षाविदों और संस्थाओं को बधाई दी। उन्होंने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ बताते हुए कहा कि पत्रकारिता का दायित्व सिर्फ सूचना देना नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करने का भी माध्यम है। राज्यपाल शनिवार को एक दैनिक समाचार पत्र की ओर से आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड@24 कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की प्रगति का मूल आधार है। हमारे शिक्षण संस्थान न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों, प्रशासकों और संस्थानों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके समर्पण से ही हम एक समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। राज्यपाल ने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का शिक्षा को समावेशी और रोजगारपरक बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को तनावमुक्त और प्रेरणादायक अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए शिक्षण संस्थानों को संवेदनशील और सक्रिय रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ नैतिकता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक हों।



## दुर्गा पूजा को लेकर राज्य में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। दुर्गा पूजा के दौरान राज्य में शांति और विधि-व्यवस्था बनी रही, इसको लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों में लगभग दस हजार से अधिक सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गयी है। पूजा के दौरान असामाजिक तत्व पूजा के उत्साह में किसी तरह का खलल न डाल सकें, इसे लेकर यह तैनाती की गयी है। सुरक्षा व्यवस्था में 5030 लाठी बल और 4975 होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा रैप की पांच, बीडीएस की टीम और अश्रु गैस की चार कंपनियों की भी तैनाती की गयी है। साथ ही रेंज के डीआइजी के नियंत्रण में 570 जवानों को रिजर्व रखा गया है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षकों के लिए विशेष कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने दो दिनों के प्रशिक्षक प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 4 और 5 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यशाला को आइएफसीएल (डीओपीटी), भारत सरकार द्वारा तैयार किया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षकों के रूप में जितेंद्र भाटी, उप निदेशक, पेरिपेटेटिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट, आशीष बोस, सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याता, चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और मुकेश शेलात, प्राचार्य, डीपीएस वाराणसी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सीबीएसइ के कई प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति का लाभ उठाया, जिनमें रवि प्रकाश, प्रमुख इंचार्ज सीओइ पटना, ज्योति प्रसाद, और राघवेंद्र कुमार शामिल थे। झारखंड के विभिन्न स्कूलों से 77 से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया, जिनमें प्राचार्य, उप-प्राचार्य एवं शिक्षक शामिल हुए। सीबीएसइ के निदेशक-प्रशिक्षण मनोज श्रीवास्तव ने संदेश भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को एक प्रभावशाली शिक्षण के लिए आवश्यक तकनीकों और प्रशिक्षण कौशल से सशक्त बनाना है जो उन्हें एनइपी 2020 में बताये गये 50 घंटे के सीपीडी के लिए दूसरों को सशक्त बनाने में मदद करेगा। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सीबीएसइ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को प्रभावी शिक्षण और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रशिक्षण कौशल को निखारने में मदद मिली।

# युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

## दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** शनिवार को युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रेस क्लब रांची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआइजी रांची अनूप बिरथरे, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, विशिष्ट अतिथि युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, रामधन बर्मन, समाजसेवी शंकर दुबे एवं उपेंद्र रजक उपस्थित थे । सभी अतिथियों का भव्य स्वागत मंटू दुबे, राकेश सिंह, सुमित साहू, शाहिल कुमार ने अंगवस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू एवं संचालन पीयूष आनंद ने और धन्यवाद ज्ञापन ज्योति शंकर साहू ने दिया। प्रशिक्षण शिविर में श्री दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी प्रभारियों ने होने वाली कठिनाइयों की जानकारी बैठक में सभी लोगों के समक्ष रखी। जिसमें मुख्य रूप से यातायात एवं बिजली व्यवस्था के कारण होने वाली परेशानियों से अवगत करवाया । प्रशिक्षण शिविर में डीआइजी रांची ने युवा दस्ता के सदस्यों को कहा कि युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम करेंगे एवं प्रत्येक पंडाल में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तैनात रहेंगे। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों से कहा कि सारे सदस्य पूजा पंडाल में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। श्री मिश्रा ने सभी दर्शनार्थियों से बच्चों एवं बुजुर्गों के पॉकेट में नाम पता एवं मोबाइल नंबर डालने की अपील की है ताकि अगर कोई बच्चे या बुजुर्ग अपने परिवार से बिछड़ जाते हैं तो उन्हें सही सलामत घर पहुंचाया जा सके। इस मौके पर मनीष केसरी, राधे सिन्हा, राहुल सिन्हा चंकी, रणधीर रजक, मुकेश कंचन, राजेश राम, अमित केसरी, टिंकू महतो, सोनू भारद्वाज, ओम प्रकाश शर्मा, अभिनव पासवान, सोनू पटवा, करण नायक, राजू सिंह, आयुष कुमार, नवनीत पांडेय, अतुल मिश्रा, राकेश सिंह एवं रितेश साहू ने अपने विचार रखे।

## रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन चुटुपालु में डांडिया कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन चुटुपालु में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में डांडिया का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया । प्राचार्या डा ज्योति वालिया ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के निदेशक स्नेह नमन का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आइक्यूएसी कोर्डिनेटर अभिषेक कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि एवं शामिल लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सहायक व्याख्याता रवि रंजन व मधु सुदन शर्मा ने वाद्ययंत्र के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। विभागाध्यक्ष डॉ अवध किशोर सिंह के द्वारा माता की गीत प्रस्तुति दी। डांडिया नृत्य प्रिंयका व समूह ने किया। नाटक के द्वारा प्रस्तुत किया गया कि आज की नारी अपने आप में एक दुर्गा है और वह हर क्षेत्र में अव्वल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक स्नेह नमन ने कहा कि शारदीय नवरात्रि हम सबमें असीमित ऊर्जा का संचार करता है। हम सभी को ध्यान एवं पूजा के द्वारा मां नौ दुर्गा के असीमित ऊर्जा को अपने जीवन में समाहित करना चाहिए। प्राचार्या डा ज्योति वालिया ने कहा कि नारी जीवन्त नवदुर्गा का साक्षात रूप है, वह कमजोर नहीं बल्कि अदम्य शक्ति का स्वरूप है। आज अगर हम घर- संसार में नारी की शक्ति की पूजा करते है, तो उनको सर्वोपरि सम्मान भी देना हमारा कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में सभी व्याख्यातागण व सभी प्रशिक्षुओं ने गरबा नृत्य किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी व्याख्यतागण, गैर शिक्षण कर्मचारी व प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे। अंत में सहायक व्याख्याता शिवानी कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच का संचालन सत्र 23-25 के प्रशिक्षु अमन आनंद और यासमीन ने किया।

## बिजारे फैशन शो का सेकेंड राउंड ऑडिशन संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। आइआइसीसी और आइएनआइएफडी द्वारा आयोजित 27 अक्टूबर 2024 को होने वाले फैशन शो कम एनुअल डे - बिजारे-24 का सेकंड राउंड ऑडिशन 5 अक्टूबर को संपन्न हो गया। इसमें मॉडलिंग के लिए इच्छुक झारखंड के कई शहरों से 50-60 लड़के और लड़कियों ने बड़े उत्साह और लगन के साथ भाग लिया। इसमें चयनित मॉडल ही 27 अक्टूबर को होने वाले बिजारे शो में भाग ले पायेंगे। इसमें संस्थान के फैशन डिजाइनिंग स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जायेगा। बिजारे शो पिछले 23 सालों से आयोजित किया जा रहा है जो कि झारखंड का सबसे बड़ा फैशन शो जाना जाता है। उक्त बातें संस्थान के निदेशक डॉ मो महबूब आलम ने कहीं। शिक्षकगण में फैशन डिजाइनिंग विंग की एचओडी शिखा सरवागी, कोरियोग्राफर मो जाहिद हुसैन, अमृता मिश्रा, आफरीन इरशाद उपस्थित थे।

# होटल रेडिशन ब्लू में 15-16 को वेडिंग एग्जिबिशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** होटल रेडिशन ब्लू में 15 और 16 अक्टूबर को फैशन प्वाइंट प्री-दिवाली और वेडिंग एग्जिबिशन का आयोजन किया जा रहा है। एग्जीबिशन का उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री, सीरियल मैडम सर (सब इंस्पेक्टर करिश्मा सिंह) फेम युक्ति कपूर करेंगी। इस वर्ष के फैशन पॉइंट इवेंट में दिल्ली, मुंबई, बनारस, बैंगलोर, कश्मीर, कोलकाता और रांची के प्रमुख डिजाइनर्स अपने लेटेस्ट कलेक्शन के साथ उपस्थित रहेंगे, जो रांची वासियों के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये हैं। कोलकाता के नामी फैशन डिजाइनर अभिषेक राय के डिजाइनर ड्रेस और हैंडमेड हैंडलूम साड़ियों का कलेक्शन प्रमुख आकर्षण होगा। जिन्हें कस्टमाइज भी किया जा सकता है। इसके अलावा, रियल और इमिटेशन ज्वेलरी के बेहतरीन विकल्प भी उपलब्ध होंगे।

वहीं कंपनी दी पौस में नवीनतम दिवाली ट्रेंड्स लेकर आ रही है। जिनमें विशेष दिवाली बोनांजा ऑफर शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि हम पेश कर रहे हैं शानदार हैंड एम्ब्रॉइडरी बेड कवर, कॉटन सैटिन बेड कवर, जेक्वार्ड बेड कवर, प्रिंटेड बेडशीट्स, एम्ब्रॉयडरी बेडशीट्स, प्योर कॉटन दोहार, सिंगल दोहार, किल्ट्स, कस्टमाइज्ड बेडशीट्स, बेड कवर और दोहार। उच्चतम गुणवत्ता की गारंटी है। यह जानकारी रीना अग्रवाल ने दी ।

### एग्जिबिशन में बेहतरीन एथनिक वियर उपलब्ध होंगे

एग्जिबिशन में बेहतरीन एथनिक वियर उपलब्ध होंगे। इसमें डिजाइनर सूट, कुर्तियां, साड़ियां, लहंगे और ब्राइडल वियर शामिल हैं, जो खास मौकों को यादगार बनाने के लिए परफेक्ट हैं। वहीं विंटर वियर कलेक्शन में लक्जरी कोट्स और जैकेट्स, गर्माहट और स्टाइल के लिए प्रीमियम फैब्रिक्स, जिनमें ट्रेंच कोट्स, वूलेन जैकेट्स, को-ऑर्ड सेट्स और ड्रेसेस उपलब्ध होंगे। एलीगेंट स्वेटर्स और कार्डिगन्स होंगे। जिसमें विभिन्न रंगों और पैटर्स में सॉफ्ट-निट स्वेटर्स और कार्डिगंस उपलब्ध होंगे, जो ठंड के मौसम के लिए बेस्ट हैं। एग्जिबिशन में सभी कलेक्शन पूरी तरह से हैंडमेड और हैंडलूम हैं, जिससे ग्राहकों को यहां एक्सक्लूसिव और यूनिक पीस मिलेंगे।

### 15 से अधिक शहरों में प्रदर्शनियां की गयी हैं

कंपनी ने कहा कि मेरे बेडरूम से शुरू होकर यह ब्रांड अब ढाका और कोलकाता में दो कार्यालयों तक पहुंचा है। हमने दुबई, भारत और बांग्लादेश सहित 15 से अधिक शहरों में प्रदर्शनियां की हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य है उच्च गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि। इसलिए हम अपने संग्रह में हर समय कुछ नया जोड़ने का विशेष ध्यान रखते हैं। वहीं एग्जिबिशन में प्रति घंटे लकी ड्रॉ के तहत विजिटर्स को चांदी का सिक्का जीतने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा कई स्टॉल्स चैरिटी के लिए समर्पित हैं।

# जीडी गोयनका में पांच दिवसीय कलारिपयट्टू मार्शल आर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** छात्रों के सर्वांगीण विकास और उन्हें उनकी सभ्यता-संस्कृति का बोध कराने के लिए जीडी गोयनका विद्यालय में पांच दिवसीय कलारिपयट्टू मार्शल आर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में कलरीपयट्टू के आठवीं पीढ़ी के कृष्ण दास एवं भूपेश मुख्य अतिथि थे। कृष्ण दास के गुरु शंकराचार्य मेलन जो वल्लभाभट्टकलारी के संस्थापक हैं, लंबे समय से उनकी कई पीढ़ियां इस युद्ध कला को संपूर्ण विश्व में सीखने का कार्य कर रही हैं, इन्होंने अपनी कार्यशाला के अंतर्गत छात्रों को नेरकल, वेट्टूचूवणु गजावदिवू चुम्माथदिकल तथा कई एनिमल पोस्चर जैसे सिंहावदिवू, मयूरावदिवू ,मत्स्यवदिवू, अश्वावदिवू, माजरावदिवूडु आदि योगासन सिखाया। कृष्ण दास ने कलारीपायट्टू की विशेषताओं से छात्रों को परिचित कराते हुए बताया यह शरीर को मजबूत बनाता है। चार दिनों के निरंतर अभ्यास के पश्चात कार्यशाला में सीखे गये अभ्यास को पांचवें दिन छात्रों ने विद्यालय में प्रस्तुत किया। छात्रों की प्रदर्शनी देखकर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने छात्रों की सराहना की तथा उचित शिक्षा और ज्ञान के संवर्धन के लिए योगासन का अभ्यास नितांत आवश्यक बताया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन अमन सिंह ने कहा कि शिक्षा ही आपकी सफलता का द्वार है और एक सर्वोत्तम विद्यालय का कर्तव्य है कि बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करें ताकि उनका मानसिक और नैतिक विकास संभव हो सके। इस प्रकार की शिक्षा छात्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है तथा छात्रों के लिए सफलता के कई द्वारा भी खोल देती है। जीडी गोयनका विद्यालय छात्रों के इस प्रकार की शिक्षण व्यवस्था के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस बात का आश्वासन विद्यालय के चेयरमैन मदन सिंह द्वारा दिया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल एदलहातू में धूमधाम से दुर्गोत्सव मनाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल एदलहातू, मोरहाबादी में दुर्गोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को हिंदू धर्म की प्राचीनतम परंपरा से जोड़े रखने के उद्देश्य से पारंपरिक पोशाकों में गरबा और डांडिया खेलना सिखाया गया। छोटे बच्चों में अधिकांश बच्चों ने विभिन्न माताओं का रूप धारण कर नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किया जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। वहीं कुछ बच्चों ने राक्षस का रूप धारण किया हुए थे और देवी स्वरूप स्कूल की लड़कियों अपने शस्त्र से इनका वध करते नजर आ रहे थे जो देखने में बड़े ही मनमोहक लग रहे थे। बच्चों ने भी इस पल का भरपूर आनंद लिया। स्कूल के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने बच्चों के प्रयास की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है तथा इस पर्व के माध्यम से हमें अपने संस्कृति के महत्व का पता लगता है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा, सुधा राणा, एनिमा इक्का, गीता शर्मा, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार, विनोद निषाद, सुरेश कुमार तथा अन्य सहित स्टूडेंट्स उपस्थित मौजूद थे।

### ओबीसी समुदाय को सशक्त करने के लिए राज्य में हो स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय : राजेश गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। सरकार के अंतिम कैबिनेट (संभावित 8 अक्टूबर) बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ओबीसी समुदाय के हित में ओबीसी मंत्रालय का गठन करे।और राज्य में सबसे बड़े ओबीसी हितैषी नेता बनने का अवसर न खोए। उपरोक्त बातें आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही है। श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का दो बार प्रयास हेमंत सोरेन की सरकार ने की बावजूद वह लागू नहीं हो सका। गठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार के पास एक स्वर्णिम मौका है वे यदि राज्य में एससी, एसटी और अल्पसंख्यक की तरह ओबीसी का भी स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने का काम करते हैं। तो हेमंत सरकार ओबीसी के इतिहास में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। ज्ञात हो कि बिहार और महाराष्ट्र प्रदेश में ओबीसी का स्वतंत्र मंत्रालय गठित है। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार के गुप्ता के साथ राम लखन साहू, शुभम विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### महुआ माजी से समस्याओं को लेकर गुहार लगायी



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में विभिन्न समस्याओं को लेकर लोगों ने गुहार लगायी। सांसद महुआ माजी ने निवर्तमान पार्षद नजिमा रजा के आवेदन पर इस्लामनगर के विस्थापितों के लिए निर्मित भवन के उद्घाटन के संबंध में रांची नगर निगम के नगर आयुक्त एवं सचिव अर्बन डेवलपमेंट से टेलिफोनिक वार्ताकर इस पर पहल करने की बात कही, ताकि उद्घाटन के बाद जल्द से जल्द आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो सके। दुर्गा पूजा को लेकर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के टीम के साथ राधा गोविंद स्ट्रीट एवं सदर अस्पताल के पास की सड़कों का निरीक्षण कर शहर के सभी खराब सड़कों को दुर्गा पूजा के पहले दुरुस्त करने के लिए रांची नगर निगम के नगर आयुक्त को कहा। रांची सदर अस्पताल में लायंस क्लब के मेंबरों के साथ जरूरतमंदों के बीच सांसद ने खिचड़ी का भी वितरण किया। मंईयां योजना से संबंधित शिकायत लेकर आयीं महिलाओं से वार्ताकर उनके शिकायत का निपटारा किया।

### आदित्य विक्रम जयसवाल ने दुकानदारों की समस्याओं का जायजा लिया



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि आदित्य विक्रम जयसवाल ने डेली मार्केट से अंजुमन प्लाजा मेन रोड तक संवाद, संबंध और समृद्ध यात्रा कार्यक्रम चलाया एवं व्यापारियों के साथ साथ आम जनता की समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। मौके पर कई व्यापारियों ने कहा कि आदित्य विक्रम जयसवाल नेता नहीं हमारा बेटा है और हमारा भरपूर समर्थन इनके साथ है और विधानसभा चुनाव के लिए आशीर्वाद भी दिया। मौके पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि रांची को स्वस्थ, समृद्ध और सुंदर बनाना मेरा संकल्प है। इसके लिए मैं प्रतिबद्ध हूं और इस दिशा में मैं प्रयास करता रहूंगा। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मुख्तार अहमद, साजिद उमर हाजी, कलीम खान, फैयाज भाई, सूरज झा, पुनीत कुमार, इरफान अहमद आदि लोग मौजूद थे। आदित्य विक्रम जयसवाल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी सह प्रदेश प्रतिनिधि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी।




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण खबरें

### लाल किशोर नाथ शाहदेव और संजय पांडेय को कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस ने लाल किशोर नाथ शाहदेव और संजय पांडेय को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में संजय पांडेय और लाल किशोर नाथ शाहदेव को नये पद की जिम्मेवारी तत्काल संभालने को कहा गया है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों नवनियुक्त प्रवक्ताओं को शुभकामनाएं भी दी हैं।

### सरकारी आलोचना करने पर अब नहीं होगी पत्रकार की गिरफ्तारी: सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली(आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के सभी पत्रकारों को बड़ी राहत दी है। अब किसी भी पत्रकार को राज्य सरकार, सरकार की आलोचना करने पर गिरफ्तार नहीं कर सकती है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पत्रकार अभिषेक उपाध्याय को अंतरिम सुरक्षा प्रदान की। उपाध्याय पर यूपी प्रशासन में नियुक्तियों में जातिगत पक्षपात पर एक्स पर एक पोस्ट लिखने के लिए एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एवीएन भट्टी की पीठ ने कहा है कि लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है और संविधान के अनुच्छेद 19 (1) ए के तहत पत्रकारों के अधिकार संरक्षित हैं। केवल इसलिए कि किसी पत्रकार के लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है, लेखक के खिलाफ आपराधिक मामला नहीं चलाया जाना चाहिए। संबंधित रिपोर्ट के संबंध में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाना चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उपाध्याय को शुक्रवार को प्रदान की गयी सुरक्षा भविष्य में इस मुद्दे पर उनके विरुद्ध दर्ज की जाने वाली सभी प्राथमिकी की और आपराधिक मामलों पर भी लागू होगी। पीठ पत्रकार अभिषेक उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिन्होंने उत्तर प्रदेश में सामान्य प्रशासन में जाति विशेष की भागीदारी संबंधित एक कथित रिपोर्ट को लेकर अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिक को रद्द करने का अनुरोध किया है। लेख के बाद उन्हें धमकियों और अपशब्दों का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही एक शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीनएस) की धारा 353, 197 (1) (सी) 302, 356 और आइटी एक्ट की धारा-66 के तहत प्राथमिक की दर्ज की गयी है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

### ताइक्वांडो एवं आर्चरी में रांची और वॉलीबॉल (अंडर-17) में रामगढ़ बना चैंपियन



रांची(आजाद सिपाही)। खेलो झारखंड ताइक्वांडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए मुकाबलों के बाद रांची ओवरऑल चैंपियन बन गया है। रांची कुल 141 स्कोर के साथ ओवरऑल चैंपियन बना। रनरअप टीम रही देवघर ने 74 स्कोर हासिल किये। अंडर 14 में हजारीबाग 32 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा, अंडर 17 में रांची 62 और अंडर 19 में रांची 50 अंकों के साथ पहले पायदान पर रहा। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 में अबतक हुए मुकाबलों में रांची की टीम कुल 71 पदको के साथ शीर्ष पर कायम है। रांची के बाद पश्चिमी सिंघभूम की टीम 34 पदको के साथ दूसरे स्थान पर है। सरायकेला खरसांवा की टीम 15 पदको के साथ तीसरे स्थान पर है। रांची ने अबतक 24 स्वर्ण पदक, 26 रजत और 21 कांस्य जीते है। पश्चिमी सिंघभूम के खाते में 8 स्वर्ण पदक, 16 रजत पदक और 10 कांस्य पदक आये है। सरायकेला खरसांवा की झोली में अबतक 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 5 कांस्य पदक जीते हैं।

# दीपावली के बाद शुरू होगा हरमू फ्लाइओवर का काम

## वर्षों इंतजार के बाद निर्माण का रास्ता हुआ साफ

**फ्लाइओवर बनने से रातू रोड चौक, शनि मंदिर चौक, गाड़ीखाना चौक, किशोर गंज चौक, भारत मात चौक सहित पूरे हरमू रोड जाम से मुक्त होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्षों इंतजार के बाद आखिरकार हरमू रोड फोर लेन फ्लाइओवर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फ्लाइओवर निर्माण की आधारशिला रखी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, दीपावली के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। फ्लाइओवर बनने से रातू रोड चौक, शनि मंदिर चौक, गाड़ीखाना चौक, किशोर गंज चौक, भारत मात चौक सहित पूरे हरमू रोड जाम से मुक्त होगा। यह वीवीआइपी मूवमेंट वाली भी सड़क है। ऐसे में जब वीवीआइपी मूवमेंट होता है तो इस सड़क की दोनों ओर बसे मोहल्ले के लोग कैद होने को मजबूर हो जाते हैं। हरमू फ्लाई ओवर बनने से लोगों को इससे भी राहत मिलेगी।



### ऐसी होगी हरमू एलिवेटेड फ्लाइओवर सड़क

सहजानंद चौक से शुरू होकर भारत माता चौक, किशोर गंज चौक, गाड़ीखाना चौक, शनि मंदिर चौक, रातू रोड चौक होते हुए जज कॉलोनी कांके रोड तक हरमू एलिवेटेड कॉरिडोर फोर लेन का निर्माण होगा। कैबिनेट से इसकी स्वीकृति 28 जून को ही मिल गयी है। इसका टेंडर अंतिम चरण में है। करीब 3.53 किमी लंबा यह फ्लाई ओवर होगा। 470 करोड़ से इसे बनाया जायेगा। निर्माण लागत 355 करोड़ रुपये होगी। शेष राशि जमीन अधिग्रहण, बिजली उपकरणों की शिफ्टिंग, पाइप लाइन की शिफ्टिंग, कंसलटेंसी चार्ज आदि में खर्च की जायेगी। भू-अर्जन में काफी राशि खर्च होगी।

### रातू रोड जंक्शन के पास जमीन से 18 मीटर ऊंचा होगा फ्लाइओवर

वर्तमान में रातू रोड फ्लाइओवर का काम चल रहा है। हरमू रोड फ्लाइओवर का निर्माण रातू रोड फ्लाइओवर को भी क्रॉस करेगा। विभाग ने जो डीपीआर बनाया है, उसके अनुसार करीब हरमू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर, रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर से 18 मीटर ऊंचा होगा। ऐसे में हरमू रोड से आनेवाले वाहन ऊपर ही ऊपर पार होंगे। इसमें राजभवन की भी सुरक्षा को ध्यान में रखा गया है।

### वाहनों को चढ़ने के लिए बनेंगे रैंप

प्रस्तावित फोरलेन फ्लाइओवर पर चढ़ने-उतरने के लिए एसीबी ऑफिस स्टार्ट पाइंट और हरमू चौक के पास इंड प्वाइंट होगा। दोनों जगह पर रैंप बनाये जायेंगे। इसके अलावा सहजानंद चौक के पास बाईं ओर भी रैंप बनाया जायेगा, ताकि लोग कडरू आदि इलाके में आना-जाना कर सकें। वहीं, रातू रोड चौराहा के पहले गौशाला के पास भी रैंप बनाने की योजना है।

# अब स्कोडा की सवारी करेंगे मुख्य सचिव

**बीडीओ-सीओ को मिलेगी महिंद्रा बोलेरो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मुख्य सचिव रैंक के अफसर अब स्कोडा की सवारी करेंगे। इस रैंक के अफसरों को स्कोडा ऑक्टेविया और स्कोडा सुपर्व कार मिलेगी। ये सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिये जायेंगे। इसके लिए टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर तक है। 25 अक्तूबर को शाम चार बजे टेंडर खोला जायेगा। वहीं प्रधान सचिव रैंक से लेकर सचिव रैंक तक के अफसर टोयटा इनोवा क्रिस्टा, हुंडई वरना, होंडा सिटी और वोक्सवैगन वर्चस की सवारी करेंगे।

### डीसी, डीडीसी और डीएफओ करेंगे महिंद्रा स्कॉर्पियो और टाटा सफारी की सवारी

वहीं डीसी, डीडीसी और डीएफओ (भारतीय वन सेवा) के अफसरों को महिंद्रा स्कॉर्पियो और टाटा सफारी उपलब्ध करायी जायेगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित परियोजना निदेशक, अपर जिला दंडाधिकारी, एसडीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और डीएसपी को महिंद्रा बोलेरो मिलेगी।

### प्रधान जिला न्यायाधीश को मिलेगी हुंडई वरना

प्रधान जिला न्यायाधीश, ज्यूडिशियल अकादमी के डायरेक्टर और कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को हुंडई वरना, होंडा सिटी, और मारुति सियाज उपलब्ध करायी जायेगी। वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सेक्रेटरी को डिजायर, हुंडई ओरा और होंडा अमेज उपलब्ध करायी जायेगी।

### पुराने नियमों में संशोधन

वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार के अफसरों को नये मॉडल के वाहन उपलब्ध कराने के लिए नियमों में संशोधन किया गया है। सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिये जायेंगे। विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, सहित अन्य प्रशासनिक कामों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नये वाहनों की आवश्यकता है।

# पुलिस की गाड़ी ने दो युवकों को रौंदा

## शव के साथ आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क जाम





आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला रजरप्पा पथ बंदा गांव के समीप शुक्रवार की देर रात पीसीआर वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया गया कि भुभई गांव निवासी अजित हेम्ब्रम 27 वर्ष और सागर हेम्ब्रम 20 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से कोयला लोड कर रजरप्पा से अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान काफी तेज गति से पीसीआर वैन एक कोयला लदे ट्रैक्टर का पीछा कर रही थी। रफ्तार अधिक होने के कारण पीसीआर चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। पीसीआर वैन ने दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। पीसीआर वैन की टक्कर से घटनास्थल पर ही अजित हेंब्रम की मौत हो गयी। जबकि गंभीर रूप से घायल सागर हेंब्रम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। दोनों मृतक चचेरे भाई थे। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने गोला रजरप्पा पथ को जाम कर दिया। जाम रात भर लगा रहा। शनिवार की सुबह बीडीओ संजय शांडिल्य, सीओ समरेश भंडारी, थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने लोगों को समझा बुझाकर जाम हटाया। इधर पोस्टमार्टम के बाद शव दोपहर जैसे ही लौटा। थाना गेट के समीप सेकड़ों ग्रामीणों ने रामगढ़ बोकारो मार्ग को पच्चीस लाख मुआवजा, नौकरी और ड्राइवर को जेल की मांग को लेकर जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस की लापरवाही से दोनों युवकों की जान गयी है। घायल अवस्था में पुलिस दोनों को छोड़ कर भाग गयी, जिसके कारण दोनों की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पुलिस कोयला लदे वाहनों से वसूली के लिए ओवरटेक कर रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। बताया गया कि चालक पीसीआर वाहन में अकेले था। ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ में नारेबाजी भी की। जाम स्थल में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक ममता देवी, झामुमो जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू पहुंचे ओर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका धरने पर बैठीं



**सरकार कैबिनेट में पारित करे आठ सूत्री मांगें, नहीं तो वोट बहिष्कार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आंगनबाडी-सेविका सहायिका अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गयीं। धरने में शामिल महिलाओं ने कहा कि पूरे राज्य में आंगनबाड़ी सेविका 38 हजार और सहायिका लगभग 35 हजार हैं। हम 2016 से सरकार से अपना हक मांग रहे हैं। इसके लिए कई बार हड़ताल-प्रदर्शन कर चुके है। सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है, लेकिन इस बार अपने हक के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। कहा कि 8अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक होनेवाली है। इसमें हमारी नियमावली की सभी मांगों को पूरा करना होगा।

### 23 सितंबर को मोरहाबादी मे रैली बुलायी गयी थी

रांची जिला अध्यक्ष सुमन कुमारी ने कहा कि 8 अक्टूबर 2024 को कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें यदि आंगनबाडी-सेविका सहायिका का मांग पूरी नहीं हुई तो घर-घर जाकर वोट बहिष्कार करने को कहा जायेगा। कहा कि 23 सितंबर को मोरहाबादी मे रैली बुलायी गयी थी। इसमें गिरिडीह विधायक पहुंचे थे। 27 सितंबर की कैबिनेट में इसे पारित करने का आश्वासन दिया था, तब रैली को खत्म किया गया था, लेकिन इस बार आश्वासन नहीं चाहिए।

### रियाटरमेंट में एक मुश्त दस लाख रुपया दिया जाये

कांके प्रखंड की सुधा लिंडा ने कहा कि 60 साल बाद सभी रिटायर हो जायेंगी। इसके बाद बेरोजगार हो जायेंगी। रियाटरमेंट में एक मुश्त दस लाख रुपया दिया जाये, ताकि हम अपना घर परिवार का भरण पोषण कर सकें। इसके साथ ही काम का पैसा समय मिलना चाहिए। आरोप लगाया कि प्रोत्साहन राशि और जलावन की राशि निश्चित समय पर नहीं मिलती है।

### आंगनबाड़ी सेविका को हर माह 25 हजार मिले

रांची जिला कोषाध्यक्ष सीता तिग्गा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने 2019 में मांग पूरा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन सरकार मांग पूरा करने से मुकर रही हैं। सरकार धोखा दे रही है। समान काम का समान वेतन में आंगनबाड़ी सेविका को हर माह 25 हजार औ? सहायिका को 15 हजार रूपया मिलना चाहिए। बोकारो जिले के रेवती देवी ने कहा कि राज्य में सभी आगंनबाड़ी सेविका अनिश्चितकालीन धरना दे रही है। इससे आंगनबाड़ी केद्र बंद हो जायेंगे। इसमें तीन साल से पांच साल तक के बच्चों को पोषण आहार से वंचित होना पडेगा ।

# मतदान प्रक्रिया में तेजी लाये जाने में निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों की भूमिका अहम : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निर्वाचन सदन में शनिवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रमाणन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। 5 से 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नव पदस्थापित आरओ व एआरओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अधिक समय तक कतार में खड़ा न रहना पड़े इस उद्देश्य से मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास करना है। इसके लिए वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर चेन सिस्टम के आधार पर मतदाताओं के मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराना है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी।



### निर्वाचन से संबंधित विषयों का क्रमवार प्रशिक्षण दिया जायेगा

पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान राष्ट्रीय स्तर के मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न सत्रों में पदाधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित विषयों का क्रमवार प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसमें उन्हें निर्वाचन संबंधी विषयों यथा उम्मीदवारों की योग्यता व अयोग्यता, चुनाव चिह्न आवंटन, नामांकन संबंधित निर्देश, आपराधिक पूर्ववृत्त, ई रोल, वल्नरेबलिटी मैपिंग, इवीएम व वीवीपैट का प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता, व्यय प्रबंधन, स्वीप, पोलिंग पार्टी का व्यवस्थापन, पोस्टल बैलट, पेड न्यूज, एमसीएमसी, मतगणना आदि विषयों पर बिंदुवार प्रशिक्षण दिये जायेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक गीता चौबे, एसएन जमील सुनील कुमार ने अपने संबंधित विषयों पर निर्धारित सत्रानुसार श्रव्य-दृश्य मध्यम के जरिए रेखांकित किया।

### कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न होने पाये

उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखना है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न होने पाये। के. रवि कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ और निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में आरओ व एआरओ की अहम भूमिका होती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके कर्तव्यों से संबंधित सभी बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। पदाधिकारी इन दिशा निर्देशों का गहन अध्ययन करते हुए इनका अपने कर्तव्य क्षेत्र में अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों की तैयारियों, केंद्रों पर उपस्थित व्यवस्था का निरीक्षण, वोटर स्लिप के ससमय सम्यक वितरण, बीएलओ के स्तर पर किये जाने वाले चुनाव पूर्व की तैयारियों आदि निर्वाचन से जुड़े विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand.**

**NOTICE INVITING TENDER**

The Registrar, Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi invites tenders under two bid system (Technical Bid and Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for various Civil Works (Repair and Renovation Works) & Electrical Works in Various Departments mentioned below:

| Tender ID | Tender Name |
|---|---|
| DSPMU/G/927/24 | Civil Works & Waterproofing in Department of Geography and Fine Arts at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/928/24 | Repair & Renovation Works (Civil & Electrical) in Department of Botany at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/929/24 | Construction of Toilet and Faculty Chambers at 2nd Floor in Dept of Hindi and Urdu at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/930/24 | Repair & Renovation Works in Dept of Geology at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/931/24 | Repair & Renovation Works in Dept of Geography at DSPMU Ranchi. |

The above-mentionedTender Documents will be published in the University website from **06.10.2024 at 04:00 PM.** Last Date & Time for submission of Tender Documents is **16.10.2024 till 01:00 PM**

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University Website: -www.dspmuranchi.ac.in.

**Memo No. : DSPMU/G/932/24**
**Dated : 05.10.2024**

**Sd/- Registrar**
DSPMU, Ranchi.

# आधी आबादी को सशक्त बनानेवाली मंईया सम्मान योजना एक क्रांतिकारी कदम : कल्पना सोरेन

राज्य में लंबे समय तक शासन करनेवाले लोगों ने कभी भी राज्य की आधी आबादी के बारे में कोई चिंता नहीं की। पहली बार हेमंत सोरेन ने हमारी बहनों-बेटियों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड में पहली बार राज्य की आधी आबादी की चिंता करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें सम्मान देने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। यह योजना राज्य की आधी आबादी के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन ने कही। कल्पना सोरेन शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से मंईया सम्मान यात्रा का शुभारंभ करने के बाद खूंटी के कचहरी मैदान और बाद में तोरपा प्रखंड मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य में लंबे समय तक शासन करने वाले लोगों ने कभी भी राज्य की आधी आबादी के बारे में कोई चिंता नहीं की। पहली बार हेमंत सोरेन ने हमारी बहनों-बेटियों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। राज्य में पांच वर्षों तक शासन करने वाली डबल इंजन की सरकार ने यहां के हजारों आदिवासियों पर एफआइआर दर्ज करने का काम किया था। अपनी आवाज उठाने और हक-अधिकार की बात करने वाले लोगों के साथ बड़े-बड़े लोग यही करते हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि यह झारखंड है, वीर सपूतों की भूमि है, जो अपना हक लेना जानते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे पुरखों ने कभी किसी के सामने सिर नहीं झुकाया ना ही कोई समझौता किया। उसी प्रकार हेमंत सोरेन ने भी कभी कोई समझौता नहीं किया, क्योंकि हम यहां काम करके आ रहे हैं, कोई झूठे वायदे करके नहीं। उन्होंने कहा कि देश में जितने भी बड़े-बड़े नेता हैं, उन सभी को यहां ले आइए, राज्यों के मुख्यमंत्री को बुला लीजिए। झारखंड के वीर भूमिपुत्र को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आसन्न रणभूमि में झारखंड के लोगों से उन्हें करारा जवाब मिलेगा। आपकी उम्मीदों सपनों और विचारधारा को कोई हिला नहीं सकता।

राज्य की मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि राज्य की सभी महिलाओं को मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करना चाहिए कि उन्होंने पहली बार उन्हें आर्थिक रूप से सफल बनाने के लिए यह योजना लेकर आए हैं। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि कोविड के समय जब यहां के लोग परेशान थे तो कभी कोई पूछने नहीं आया कि आपके घर में चूल्हा जला है कि नहीं। आपके सुख-दु:ख में वे कभी आपके साथ खड़े नहीं हो सकते, लेकिन अब जब उन्हें आपके वोटों की जरूरत है, तो वे आपके पास आ रहे हैं और तरह-तरह के प्रलोभन देने का काम कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि आज तक राज्य के गरीबों के बारे में उन्होंने कभी कुछ नहीं सोचा। इससे पूर्व उलिहातू में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मंईया सम्मान यात्रा का शुभारंभ किया गया। उलीहातु पहुंचने पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, एसपी अमन कुमार, तमाड़ के विधायक विकास मुंडा व झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

रास्ते में अड़की मोड़ और किताहातू चौक में भी लोगों को संबोधित करते हुए मंईया सम्मान योजना समेत झारखंड सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। मंईया सम्मान यात्रा का कारवां जब खूंटी पहुंचा, तो बाजे-गाजे के साथ झामुमो कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल पार्टी नेताओं का शानदार स्वागत किया। कार्यक्रम में तमाड़ विधायक विकास मुंडा, झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सुदीप गुड़िया, रूबेन टोपनो सहित अन्य नेता कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे।

## भाजपा की बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव ममरला में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता तोरपा मंडल के अध्यख पुरेंद्र मांझी ने की। बैठक में आनेवाले विधानसभा चुनाव और पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में विधायक कोचे मुंडा, छत्तीसगढ़ से आए प्रवासी कार्यकर्ता उपेंद्र यादव और मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने बैठक को संबोधित किया। मौके पर जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष भागीरथ राय, दीपक तिग्गा, केशव कुमार, कृष्ण भगत, सुबोध कुमार, अजीत राय के अलावा सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी तथा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जंगल से बुजुर्ग महिला का शव बरामद डायन बिसाही में हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मारंगहदा क्षेत्र में डायन बिसाही के आरोप में एक बुजुर्ग आदिवासी महिला की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने महिला का सिर धड़ से अलग कर दिया। महिला की पहचान सिरूम के रुगुदडीह गांव निवासी स्व जुरा मुंडा की पत्नी 55 वर्षीय सिनता देवी के रूप में हुई है।

महिला का शव शनिवार को गांव से आधा किमी दूर लोरेसुसु के पास जंगल से बरामद किया है। ग्रामीण डायन बिसाही में हत्या की आशंका जता रहे हैं, वहीं पुलिस इस बात से इंकार कर रही है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक ने कहा कि जांच के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हा सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शनिवार की सुबह ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे, तभी जंगल में शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। पुलिस यूत्रों ने आशंका जताई कि महिला की हत्या कहीं और की गयी होगी और शव को जंगल में फेंक दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार बुजुर्ग महिला अपने घर में अकेली रहती थी। डीएसपी वरूण रजक ने कहा कि बुजुर्ग महिला की हत्या की जांच शुरू कर दी गयी है। जल्द ही हत्या में शामिल अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे और हत्यश के कारणों का खुलासा हो जायेगा।

### महिला ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी थाना क्षेत्र के जियारप्पा गुटजोरा गांव में अनीता सांगा नामक 24 वर्षीय महिला ने शुक्रवार की देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को शव बरामद कर उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह अपनी बेटी की बीमारी से परेशान थी और इसी के कारण उसने खुदकुशी कर ली।

## कोयलांचल के पुरानीराय में शंकर महतो के घर पर अपराधियों ने की फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



घटना के बाद जानकारी लेती पुलिस ।

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती पुरानीराय स्थित शंकर महतो के घर पर बीती रात्रि अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया।घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 9 बजे बाईक पर सवार आए दो अज्ञात अपराधियों ने पुरानीराय स्थित शंकर महतो के घर पर फायरिंग कर दी। दोनों अपराधी शंकर महतो को खोज रहे थे, लेकिन घटना के वक्त शंकर महतो अपने घर में नहीं था, जिसके बाद अपराधियों ने फायरिंग कर चला गया। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन पूरा मामला बालू तस्करी से जोड़ा जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राय पंचायत के ग्रामीणो ने बैठक कर बालू तस्करी का विरोध किया है। ग्रामीणों ने नदियों से बालू तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, जिसको लेकर बालु तस्करो मे हड़कंप मचा हुआ है। इसी से नाराज होकर अपराधी तत्व के लोगों के द्वारा इस घटना को अंजाम देने का अनुमान लगाया जा रहा है। इधर घटना की सूचना पाकर खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी और खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह सशस्त्र बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही गोली चलाने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इधर इस तरह की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## मंईयां सम्मान योजना के संबंध में कल्पना के बयान का राजा पीटर ने विरोध किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ के तोडाग मैदान में आहूत मंईयां सम्मान योजना के द्वितिय चरण में हुए कार्यक्रम में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के दिए गये बयान का तमाड़ के पूर्व विधायक और मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने विरोध किया है। उसने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि एक तरफ सरकार मंईयां सम्मान योजना का पैसा बैंक खाते में भेज रही है, वहीं विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन छह महीने से बंद कर दिया है। जो सरकार की नाकामी साबित करती है। चुनाव के वक्त मंईयां सम्मान योजना लायी है। उसने आगे कहा कि 2014 में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। सलगाडीह सड़क निर्माण के लिए दो बार शिलान्यास किया गया। लेकिन कार्य नहीं हुआ विधायक कहते हैं, की जनता के आंखों में धुल झोंका जा रहा है। विरसा विकास समिति अपने स्तर से निमार्ण कार्य करवा रही है।

## छोटू गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का बड़कीटांड़ बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** आरएनबीटी क्लब के द्वारा सरना खेल मैदान में छोटू गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के अध्यक्ष देवपाल मुंडा एव विशिष्ट अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रवक्ता रामलखन गंझू, अमृत भोगता, गोपाल प्रसाद, धोधा गंझू, दामोदर गंझू, मयूर गंझू उपस्थित थे।सबसे पहले छोटू गंझु के चित्र पर माल्यार्पण किया गया उसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एव फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। फाइनल मैच बड़कीटॉड बनाम कर्मकट्टी के बीच खेला गया। जिसमे पेनाल्टी शूट आउट में बड़की टॉड ने 4.3 से गोल मारकर टूर्नामेंट का चैंपियन बना। विजेता टीम बड़की टॉड को खस्सी एव ट्रॉफी एव उपविजेता कर्मकट्टी टीम को खस्सी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

वही तृतीय पुरस्कार पी लांचर की टीम को 2500 नकद व फुटबॉल तथा चौथे स्थान पर रहने वाली चमरेंगा टीम को 1100 नकद और फुटबॉल देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बाबूलाल गंझू, मनोज गंझू, प्रभाकर गंझु, मनोज कुमार एव समिति के अमित मुंडा, डब्लू गंझु, सूरज मुंडा, राजेंद्र गंझू, रोहित गंझू, पवन गंझू, बॉबी मुंडा,सोनू मुंडा,बैजू मुंडा, राहुल गंझू, गोविंद भोगता, अजय गंझू, कार्तिक लोहरा, श्याम उरांव, बिष्णु उरांव, सुनील उरांव, बबलू गंझु, संतोष उरांव, किशुन उरांब, कृष्णा गंझु, विकास गंझू, धनेश्वर उरांव, विजय गंझु, पवन उरांव, सोनू उरांव, अमित उरांव का सराहनीय योगदान रहा।

## भाजपा पिपरवार मंडल की बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में शनिवार को भाजपा पिपरवार मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी किसलय तिवारी और विशिष्ट अतिथि मे पिपरवार मंडल के प्रभारी गणेश गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में भाजपा पिपरवार मंडल के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया,जबकि अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बैठक में गोगो दीदी योजना एवं बुथ से संबंधित बातो पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी कार्यकर्ताओं को लग जाने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधानसभा प्रभारी पिछले तिवारी ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार से राज्य की जनता परेशान है। चुनाव से पूर्व महागठबंधन की सरकार ने जो वादा किया था उसे आज तक पूरा नहीं किया है। राज्य की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता इसका जवाब देने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनायेगी। बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, मुखिया रीना देवी, महेश मुंडा, गिरिजा प्रसाद, रविंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अजय कुमार सिंह, मुकेश कुमार, धनराज भोगता, महेश विश्वकर्मा, आदित्य केसरी, संजय ठाकुर, दिलीप अंबष्ट, अरुण कुमार सिंह, अशोक ठाकुर, मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की अड़की शाखा

## पासबुक नहीं होने के कारण एक माह से नया खाता नहीं खुल रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अड़की शाखा में पिछले एक माह से पासबुक नहीं होने के कारण नया खाता नहीं खोला जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों और आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसी भी प्रकार की योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास या अन्य सरकारी योजना प्राप्त करने के लिए खाता की अति आवश्यकता है। पर शाखा प्रबंधक की उदासीनता के कारण लोगों को सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बहुत से ग्रामीण सुदूर क्षेत्र से खाता खुलवाने बैंक आते हैं पर उन्हें पासबुक नहीं होने के कारण वापस लौटा दिया जाता है। इस समस्या पर शाखा प्रबंधक द्वारा शीघ्र समाधान नहीं किये जाने पर एलडीएम खूंटी से मिल कर समस्या से अवगत कराऊंगा यह जानकारी संजय मुंडा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा ने दी।

## डीएमएफटी योजनाओं का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में डीएमएफटी फण्ड से बनने वाले कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह एव जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी के द्वारा शिलापट्ट का पर्दा हटाकर एव नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें बाजारटॉड में बाजार शेड और शौचालय निर्माण,चट्टी नदी में शमशान घाट शेड का निर्माण, बड़का टोला में पीसीसी पथ निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया गया। इस मौके पर हुटाप पंचायत समिति सदस्य निमि देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, अरविंद सिंह, रामसूरत यादव, नागदेव सिंह, रघुनाथ गुप्ता, उदय सिंह, सरोजिनी देवी, सुधीर सिंह, सूरज सिंह, अर्जुन शर्मा, राधेश्याम, अनिल तुरी, रूपेश साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### पिपरवार में चल रहे सीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

## एनके एरिया ने बीएंडके एरिया को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया की मेजबानी में बचरा स्वाधीनता स्वर्ण जयंती स्टेडियम में चल रहे सीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया। टूर्नामेंट का फाईनल मुकाबला सीसीएल एनके एरिया बनाम बीएंडके एरिया के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर एनके एरिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। एनके एरिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएंडके की पुरी टीम 83 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी और एनके एरिया ने 40 रनों से मैच जीतकर खिताब पर अपना कब्जा जमाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ दा मैच का पुरुस्कार एनके एरिया के खिलाड़ी विक्की मोहन्ता को दिया गया। वही पांच मैचो मे 250 रन बनाने के साथ 9 विकेट प्राप्त करने वाले हजारीबाग टीम के खिलाड़ी आनंद कुमार को बेस्ट बल्लेबाज के साथ मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। बेस्ट गेंदबाज में बीएंडके एरिया के जीशान नवाज खान को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का परंपरागत ढोल नगाड़े के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया, जिसके बाद सभी अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर, श्रीफल एंव पौधा देकर जोरदार स्वागत किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने उत्पादन के साथ-साथ खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास कर रही है। खेल और खिलाड़ी को आगे ले जाने के लिए प्रबंधन के द्वारा कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है। झारखंड राज्य में खेल के क्षेत्र में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आ रहे हैं।

## डकरा के खान प्रबंधक की विदाई और नये का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा परियोजना में खान प्रबंधक लोकनाथ राणा का स्थानांतरण होने पर विदाई दी गयी वही नये खान प्रबंधक अशोक कुमार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डकरा परियोजना के सभी अधिकारी, माइनिंग सरदार कर्मचारी सभी ने डकरा परियोजना में विदाई समारोह एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खान प्रबंधक लोकनाथ राणा ने अपना कार्यकाल का हैंड ओवर एवं टेकओवर दिया गया। इस मौके पर प्रीतिस दास, तनवीर आलम, अजीत सिंह, कमल गोगवानी, बैजनाथ शशि चौबे, विक्रांत कुमार, अरुण मीणा, उदय सिंह, नवनीत शिखर, देवपाल मुंडा सुरेंद्र चौहान, एसएन प्रसाद, बालमुकुंद पांडेय, संजय प्रसाद, सलीम खान, सुखराम सेठ, सुरेंद्र चौहान आनंद राज, मंजर हुसैन, अभिषेक कुमार, मयुर गंझु मनोज कुमार समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पुलिस ने जब्त किये पांच क्विंटल महुआ और 50 लीटर शराब



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा थाना अंतर्गत बंगलवाडीह टोला के 9 घरों में छापामारी कर पीपरा पुलिस ने पांच क्विंटल जावा महुआ और 50 लीटर निर्मित शराब जब्त की है। इस संबंध में पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि 9 जगहों पर छापामारी कर प्लास्टिक जार में रखा कुल करीब 5 क्विंटल जावा महुआ, 50 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने वाला उपकरण को जब्त कर उसी स्थान पर विनष्ट किया गया है। अभियान में कई सशस्त्र बल शामिल थे।

# सरकारी शराब दुकान के कर्मचारी पर 87 लाख की गड़बड़ी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** भगत तेंदुआ एनएच 139 किनारे स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाले दुकान प्रभारी रितेश कुमार पर शराब बिक्री के करीब 87 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगा है।

इस मामले में केएस मल्टी फैसलिटी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत क्षेत्रीय पदाधिकारी धिरेंदर दुबे ने शुक्रवार को हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दिये गये आवेदन में जनवरी 2024 से 12 जून 2024 के बीच में शराब बिक्री कि राशि गबन करने का आरोप है। मामला 86 लाख पचपन हजार पांच सौ पचास रुपये का गबन करने के मामले में कंपनी द्वारा जांच के बाद 12 जून को खुलासा हुआ है।



क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा कई बार गबन की पैसा जामा करने के लिए कहा गया पर रितेश टाल मटोल करते आ रहा था। वहीं सरकार की राजस्व गबन के बाद सरकारी कागजात के साथ रितेश पर फरार होने का भी आरोप है। इस मामले में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि शराब बिक्री में गबन के मामले में रितेश पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

# श्री सीताराम विवाह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** शारदीय नवरात्रि के मौके पर नवयुवक संघ के द्वारा सतबरवा के महावीर चौक में श्री रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ के 33 में अधिवेशन का आयोजन किया गया है। किसी कड़ी में तीसरे दिन श्री सीताराम विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें माता सीता के पिता का रोल संतोष प्रसाद और श्रीराम के पिता का रोल छठू प्रसाद ने निभाया।

इस काल्पनिक विवाह को पंडित उमेश पाठक ने विधिवत संपन्न कराया। साथ ही राम विवाह में उपस्थित सैकड़ो महिलाओं ने मांगलिक गीत भी गाये। समिति के सदस्य ने बताया कि यह राम विवाह का कार्यक्रम शुरू से ही होता चला रहा है। विवाह कार्यक्रम में आए सभी भक्तों को महाप्रसाद के रूप में खीर का वितरण भी किया जाता है। मौके पर नवयुवक संघ के अध्यक्ष गुड्डू प्रसाद, संतोष दीवाना, चंदन प्रसाद, सोना प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद, राहुल दिवाना, कुंदन जयसवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ. कौशल ने दो अलग-अलग श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतकों के नाम किया पौधरोपण

## दान से नहीं पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान करने से मिलेगी मृतक की आत्मा को शांति : डॉ कौशल

मृत आत्मा के शांति के लिए पिंड पानी व धरती मां के धधकतीं आत्मा की शांति के लिए पौधा पानी देने का है विधान : कौशल



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत डाली बाजार पंचायत के स्व. राजकुमार प्रजापति के श्राद्धकर्म और गुमला जिले के मुरकुंडा में स्व. सुदामा चौधरी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने दोनों मृतक की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ कौशल ने कहा कि श्राद्ध में केवल सेजिया दान करने से नहीं बल्कि पौधा दान कर उसे लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेंगी वनराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलायी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि यदि घर में गार्जियन की सर से साया हट जाए तो उनके नाम का फलदार पौधा आंगन में लगाने से उसकी छाया से गार्जियन की तरह ही लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्र के समान काम करते हैं। मौके पर स्व. सुदामा चौधरी के धर्मपत्नी शकुंतला देवी, पुत्र पंकज चौधरी, सूरज चौधरी, बेटी राही, अंशी राही, डाली में स्व. राजकुमार प्रजापति की धर्मपत्नी कुंती देवी, पुत्र संतोष प्रजापति, रामप्रवेश, मानदेव, अखिलेश, बेटी पूनम, सुषमा, चाचा नंदू प्रजापति, भोला प्रजापति, दीनानाथ प्रसाद,सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार सहित काफी संख्या में हित, मित्र और रिश्तेदार शामिल थे।

# जमशेदपुर में सीएम की सुरक्षा में सेंध, खुफिया तंत्र विफल




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में बने नये भवन का उद्घाटन में जमशेदपुर पहुंचे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरन की सुरक्षा में शनिवार को बड़ी चूक देखने को मिली। शनिवार को मुख्यमंत्री एमजीएम मेडिकल कॉलेज में बने नए भवन का उद्घाटन करने पहुंचे थे। लेकिन उन्हें क्या मालूम यहां के जूनियर डॉक्टर ही उनके विरोध में खड़े हैं। जैसे ही मुख्यमंत्री का काफिला पहुंचा इससे पहले बीच रास्ते में ही कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने सीएम का काफिला रोक दिया। जिसके बाद प्रशासनिक महमे में हड़कंप मच गया। वहीं खुफिया विभाग की निष्क्रियता भी सामने आई। हालंकि मुख्यमंत्री ने विरोध कर रहे छात्र-छात्राओं को बुलवाकर उनकी बातों को सुना और उनसे ज्ञापन लेकर समाधान का आश्वासन दिया।अहम सवाल यह है आखिर डॉक्टरों के विरोध की जानकारी खुफिया विभाग को क्यों नहीं थी। सीएम की सुरक्षा को लेकर जमशेदपुर पुलिस की तैयारी कैसी थी। क्या यह परी प्लांट था या एक इंसीडेंट। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ सूबे के स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता, मंत्री रामदास सोरेन सभी विधायक और तमाम अलाधिकारी मौजूद रहे। इधर मुख्यमंत्री के काफिले को रोकने वाले छात्रों का कहना था उनके रहने लायक माहौल नहीं दिया जा रहा है। यहां छात्रावास की घटिया व्यवस्था है। हालांकि मुख्यमंत्री ने उनके समस्याओं को सुनकर बहुत जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

## जमशेदपुर की खबरें

# ताम्र खदान का पुनः परिचालन, सैकड़ों युवाओं को मिलेगा रोजगार

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** केंद्र सरकार और राज्य सरकार के पहल पर मुसाबनी के सुरदा स्थित ताम्र खदान का पुनः परिचालन की गयी। शनिवार को केंद्रीय कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, झारखंड सरकार के जल संसाधन, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर खदान का पुनः शुभारंभ किया। मौके पर अतिथियों के द्वारा ताम्र अयस्क लदे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा केंद्र सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की विकास के लिए सोच रखकर काम कर रही है। ताकि समाज का सभी वर्ग विकसित हो सके। उन्होंने कहा सुरदा खदान का पुनः परिचालन शुरू होने से देश तांबे के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में खपत के अनुपात में केवल 5 से 6 फीसदी तांबे का ही उत्पादन होरही थी। जिससे तांबे के उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगी। मौके पर झारखंड सरकार के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा सुरदा माइंस पुनः शुरू होने से क्षेत्र के लगभग 11 सौ से अधिक मजदूरों को रोजगार मिलेगी। मंत्री सोरेन ने कहा झारखंड में हेमंत सरकार बंद पड़े सभी खदानों को शुरू कराने के लिए सकारात्मक पहल कर रही है। उन्होंने कहा झारखंड में आइरन, मैंगनीज, यूरेनियम तांबा समेत अन्य बहुमूल्य खनीज प्रयाप्त मात्रा में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी माइंस को चालू कराने के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी की है।




सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से सुरदा माइंस का परिचालन पुनः शुरू हो पाया। उन्होंने कहा दलगत राजनीति की भावना से उपर उठकर दोनों सरकारों ने माइंस परिचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही पूरी की। सांसद ने कहा झारखंड में आइरन, मैंगनीज, यूरेनियम तांबा समेत अन्य बहुमूल्य खनीज प्रयाप्त है। इसके बावजूद स्थानीय मजदूरों को दुर प्रदेशों में जाकर मजदूरी करनी पड़ती है। प्रयास किया जा रहा है सुरदा के बाद राखा, चापड़ी और केंदाडीह माइंस समेत सभी खदानों का परिचालन पुनः शुरू किया जाय। इसके लिए ग्राम प्रधान, मुखिया और सीएम से लेकर पीएम तक संवाद किया। सांसद ने कहा उन्होंने पीएम मोदी से मउभंडार कारखाने को शुरू करने के लिए निवेदन किया गया है। मौके पर एचसीएल और खान विभाग के अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# निर्वाचन पदाधिकारी ने एजेंसियों के पदाधिकारियों संग बैठक की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में आयकर, उत्पाद, परिवहन, जीएसटी, बैंक, नारकोटिक्स आदि समेत विभिन्न परिवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की कार्ययोजना तैयार की गयी। उन्होंने सभी संबंधितों को चुनाव के दौरान धन का अवैध इस्तेमाल रोकने से संबंधित निर्देशित किया इस हेतु अलर्ट मोड में रहने पर बल दिया। जिले में अवैध शराब का कारोबार शून्य करने को लेकर उत्पाद अधीक्षक और परिवहन पदाधिकारी को आपस में बेहतर समंवय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कहीं गयी। उन्होंने सभी को हर हाल में प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने में अपना योगदान देने की बात कही। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डीएफओ, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, समेत विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पत्रांकः–
झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एव कौशल विकास विभाग,
प्रभारी प्राचार्य का कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, झारखण्ड
सिलम, (सी0 आर0 पी0 एफ0 कैंम्प0) जशपुररोड, गुमला–835232
Email:-principalitigumla@gmail.com

पत्रांकः–　　**सूचना**　　दिनांकः–

सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुमला में PM SURYA GHAR MUFT BIJLI YOJNA के अंतर्गत Roof Top Solar Technician ( Installation and Maintenance) के अंतर्गत 5 दिनी प्रशिक्षण एवं 2 दिन की OJT में नामांकन के Registration हेतु सूचना प्रकाशित की जा रही है। इसके लिए योग्यता I.T.I पास व्यवसाय इलेट्रोनिक मैकेनिक, वायरमैन एवं इलेक्ट्रीशियन होना चाहिए। Registration के लिए विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से एक सप्ताह के अंदर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर Registration होगा और इसमें कम से कम 15 आवेदक होने पर प्रशिक्षण प्रारंभ होगा।

विश्वासभाजन प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गुमला, झारखण्ड

PR 338139(Labour Employment and Traning )24-25*D

# एमकेडीएवी की टीम लखनऊ के लिए हुई रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की 8 सदस्यी रोलर स्केटिंग टीम लखनऊ के लिए रवाना हुई। यह टीम सीबीएसई द्वारा 7 से 9 अक्टूबर 2024 तक आयोजित ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 वृंदावन योजना लखनऊ में 6 अक्टूबर को पहुंचेगी। यह टीम रांची चोपन एक्सप्रेस से चोपन एवं त्रिवेणी एक्सप्रेस से लखनऊ जायेगी। विद्यालय की टीम को रवाना करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉ जीएन खान ने बताया कि यह टीम इस प्रतियोगिता हेतु पूर्णतः तैयार है। छात्रों को प्रशिक्षकों की निगरानी में निरंतर अभ्यास कराया गया है। ये छात्र संकुल स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर पूर्ण रूपेण उत्साहित हैं। सीबीएसई की प्रतियोगिताएं अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होती है। इनमें प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण हो जाता है।



इन्हें एसजीएफ आई द्वारा मान्यता प्राप्त होने के कारण छात्रों को उच्च शिक्षा एवं नौकरियों में अधिभार प्राप्त होता है, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक होता है। डीएवी प्रबंधन छात्रों के अकादमिक एवं शारीरिक विकास पर सामान बल देता है, जिससे उनका चहुंमुखी विकास हो सके। मैं छात्रों को इस प्रतियोगिता में सफलता की शुभकामना देता हूं। विद्यालय की टीम में अंकित शुक्ला 12वीं, शिवम कुमार, प्रतीक भारद्वाज 10वी, आर्यन राज, मन्नत कुमार 9वी, अगम्य रंजन छठी,रचित राज चतुर्थ एवं अद्वैत रंजन तृतीय कक्षा के छात्र सम्मिलित हैं। यह टीम विद्यालय के खेल शिक्षक श्री ओंकार शरण मिश्र की देखरेख में गई है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, राजीव कुमार मिश्रा,विक्रम राय,मयंक सिंह एवं अपर्णा पांडे उपस्थित थीं।

# नवरात्रि पर नरेंद्र पांडेय मित्र मंडली ने किया पुजारियों का सत्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र पांडेय के मित्र मंडली के द्वारा विश्रामपुर विधानसभा के अंतर्गत प्रखंड नावाबाजार, पंचायत की सोहदाग खुर्द स्थित देवी मंदिर के समीप श्री दुर्गा पूजा पंडाल प्रांगण में पुजारियों को सम्मानित किया गया साथ ही जरूरतमंदों के बीच फल का वितरण किया गया। मंडली के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के उपलक्ष्य में यह पुनीत कार्य की शुरूवात की गयी है। यह मंडली पूर्व में भी क्षेत्र में सामाजिक कार्यों से जुटी रहती है। नवरात्रि में यह कार्य विशेष रूप से मंदिर के पुजारियों और जरूरतमंदों के लिए आयोजित किया जा रहा है। उनके व्यतिगत प्रयोजन से जितना हो सके हर संभव अलग-अलग क्षेत्रों में यह कार्य संपन्न किया जायेगा। साथ ही मंडली के साथियों ने महिलाओं के लिए सुगम मंदिर दर्शन हो इसके लिए साफ सफाई का भी आयोजन किया है। मंदिर प्रांगण में हर तरीके की स्वक्षता और व्यवस्था का ध्यान रखा जा रहा है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण (अति अल्पकालीन

राज्यादेश सं0 04 दिनांक 30.05.2024 के आलोक में एतद् द्वारा मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु हजारीबाग जिला को तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत जलाशयों तथा पुराने आर0एफ0एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजरकार्प (रोहु, कतला, मृगल) तथा ग्रास कार्प के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण दिनांक 25.10.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय का सरकारी दर मो0 750/– प्रति हजार परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500/– प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है।

मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्तें निम्नवत् होंगे :–

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0एफ0एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएं तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण/मत्स्य बीज उपलब्धता एवं पूर्ण पता से कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके, विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. फोटोग्राफस एवं वीडियों सी0डी0 कम से कम 3 मिनट का जिसमें तालाब में जाल चलाते हुए मत्स्य बीज के साथ हो।
4. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को कार्यालय के स्तर से मत्स्य अंड बीज आपूर्ति की गई है, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत मत्स्य अंगुलिकाओं को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज (मेजर/ग्रास कार्प अंगुलिकाए) ही क्रय किये जायेंगे।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 338129(Fish)24-25*D

# कल्पना सोरेन आठ को रातू में

## डीडीसी और सीओ ने किया स्थल का निरीक्षण

**मंईयां सम्मान योजना को लेकर रातू हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम में होंगी शामिल**


कल्पना सोरेन की फाइल फोटो।

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में आठ अक्टूबर को मंइयां सम्मान योजना को लेकर शिविर आयोजित होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी व गांडेय की विधायक सह झामुमो महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष कल्पना सोरेन, राज्य की महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय व जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर मौजूद होंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन की ओर तैयारी शुरू कर दी गयी है। रांची डीडीसी दिनेश यादव, सीओ रवि कुमार व पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना है। पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे है।

# दिव्यांगों को समान अवसर प्रदान करना सरकार व समाज की जिम्मेदारी : रंजना

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायामूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश एवं न्यायायुक्त सह रांची डालसा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शनिवार को पहाड़ी टोला स्थित सृजन हेल्प संस्था रांची द्वारा संचालित मंदबुद्धी एवं मुकबधिर विद्यालय में पढ़ाई कर रहे 28 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया। उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही दिव्यांग पेंशन योजना से जोड़ने की प्रक्रिया को



आगे बढ़ा दिया गया। इस अवसर पर झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने पढ़ाई कर रहे बच्चों के बीच उनके जरूरतों की सामग्री जैसे बैग, वाटर बोतल, स्कूल ड्रेस आदि का वितरण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजना का लाभ पाना दिव्यांगों का हक है। उनके हक अधिकार को दिलाने के लिए वे हमेशा तत्पर है। कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा के निर्देश पर समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और दिव्यांगों को उनका हक दिलाया जाता है। आगे भी इस दिशा में काम जारी रहेगा। मौके पर उप सचिव अभिषेक कुमार, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, पीएलवी मानव कुमार सिंह, विक्की कुमार चौधरी, अनुसेवक अभिमन्यु कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्वर्ण डीपीएस स्कूल में नवरात्रि पर मेहंदी सह शिल्पकला का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में शनिवार को दुर्गापूजा के अवसर पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित आभूषण, दीवार पर लटकने वाले हैंडमेड हैंगिंग्स व अन्य सजावटी वस्तुएं बनाईं। वहीं, छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की आकर्षक मेहंदी बनाई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी ने कहा कि स्कूल में इस तरह के आयोजन से बच्चों में हस्तकला गतिविधियां विद्यार्थियों को परिपूर्ण बनाती हैं और उनके व्यक्तित्व के विकास में मदद करती हैं। वहीं उप प्रधानाध्यापिका सोनम प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अपनी कला और सांस्कृति को जानने का मौका मिलता हैं। इस मौके पर शिक्षिका प्रेमिका लड़का, स्वेता वर्मा, सोनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, संध्या साहू और शिवानी कुमारी मौजूद थीं।

# बेड़ो, इटकी, लापुंग व नगड़ी की आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## कहा : सरकार बंधुआ मजदूर की तरह हर काम हम लोगों से ही करवा रही और उचित मानदेन भी नहीं दे रही

आजाद सिपाही टीम




विभिन्न मांगों को लेकर बेड़ो, लापुंग, इटकी और नगड़ी आदि प्रखंडों में प्रदर्शन करने के साथ ही आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी।

**बेड़ो/लापुंग/नगड़ी।** बेड़ो, इटकी व लापुंग प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सीडीपीओ, बीडीओ व सीओ कार्यालय में आवेदन देकर शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गईं। इसके पूर्व बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के समीप तीनों प्रखंडों की आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शनिवार से ही वे सभी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल शुरू करेंगीं। सेविका-सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष उमेरा खातून ने कहा कि वे लगातार अपनी मांगों को सरकार के सामने रख रही हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों पर कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। मजबूरन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा करनी पड़ी। वहीं बैठक के बाद संगठन के सदस्यों ने सीडीपीओ, बीडीओ व सीओ कार्यालय पहुंचकर अपनी आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें प्रमुख मांगों में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की पेंशन कोर्ट के आदेश का अविलंब विचार करने, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को प्रति महीना मानदेय देने, मानदेय में बढ़ोतरी, पोषाहार की राशि व अंडा का पैसा प्रति माह देने, केंद्र सरकार का मानदेय जो 10 महीना से बाकी है उसका अविलंब भुगतान करने, मौत होने व सेवानिवृत्ति के बाद उनके परिवार के सदस्यों की सीधी नियुक्ति करने, 10 वर्षो से कार्यरत बीए पास आंगनबाड़ी सेविका का प्रमोशन सुपरवाइजर के पद पर करने और आंगनबाड़ी सहायिका का सेविका के पद पर करने के साथ ही आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को मोबाइल की सुविधा मुहैया कराना आदि शामिल है। मौके पर बसंती देवी, पुष्पा देवी, रजनीगंधा उरांव आदि मौजूद थीं।

### बाल विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

लापुंग प्रखंड की सेविका व सहायिकाओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को लेकर लापुंग के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुनिसुरी बाडा को ज्ञापन सौंपा। सेविका और सहियाओं ने एक जुट होकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना दिया और उनकी मुख्य आठ सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की। लिखित आवेदन की प्रतिलिपि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के अलावा बीडीओ उषा मिंज को भी सौंपा गया। मौके पर रूपी देवी, सुशांति बारला, मरियम बारला, पौलिना सांगा, रेखा कुमारी, जुल्यानी होरो, सीमा देवी आदि मौजूद थीं। दूसरी ओर, नगड़ी प्रखण्ड में भी आगंनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिकाएं विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गईं। इससे पूर्व सभी सेविका-सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम 8 सूत्री मांग पत्र नगरी सीओ राजेश कुमार एवं नगड़ी प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी से मिल कर सौंपा। नगरी प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका ओर सहायिकाओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी वे लोग काम नहीं करेंगीं। कहा कि सरकार ने हम लोगों का बंधुआ मजदूर की इस्तेमाल किया है। सरकार हर तरह का कार्य आंगनबाड़ी से ही कर रही है और मानदेय नहीं के बराबर दे रही है। सरकार बनने से पहले राज्य की महागठबंधन के लोगों ने हमारी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच साल बीत गए पर आश्वासन पूरा नहीं हुआ। इस मौके पर सुलेखा देवी मंजुला कच्छप, शांति तिर्की, शबनम आरा, दीपिका लिंडा, कुसुम मिंज हेमंती देवी, मालती देवी, जूलिया कुजूर सारो देवी, गायत्री देवी, जुबेदा परवीन, आशा कुजूर, कौशल्या देवी, तारामणि टोप्पो, साजदा खातून, अनीता ज्योति सोरेन आदि मौजूद थीं।

# प्रसव पूर्व चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन के सौजन्य से शनिवार को ग्राम मासू में प्रसव पूर्व विशेष चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर उषा मार्टिन के सीएसआर के सहयोग से आयोजित हुआ था, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविमें विशेषज्ञ डॉ सोसन लकड़ा एवं डॉ मौसमी कुमारी की टीम ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कियाऔर उन्हें पौष्टिक आहार, व्यायाम और गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महिलाओं के बीच आवश्यक विटामिन और आयरन की गोलियों का भी वितरण किया गया। शालिनी अस्पताल के मुख्य प्रशासक बिपिन चौहान ने बताया कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा, ताकि गर्भवती महिलाओं और उनके होने वाले शिशु की सेहत का विशेष ध्यान रखा जा सके। वहीं, शिविर के सफल आयोजन में शालिनी अस्पताल के सहायक प्रबंधक शिशिर भगत, रंगलाल महतो, संपूणानंद महतो, दिलीप मुंडा, आंगनवाड़ी सेविका आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# जरूरतमंद लोगों का सहारा बनना ही जीवन का उद्देश्य है : फलिंद्र करमाली



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र में समाजसेवी सह नेता फलिन्द्र करमाली शोषित, वंचित मजदूरों के हक की लड़ाई एवं संगठन के लिए संसाधन जुटाने में लगे रहते हैं। इसी कड़ी में विगत दिनों नामकुम प्रखंड के टाटीमिश्रा टोली में विजय महतो के पुत्र दिलीप महतो का आकस्मिक निधन हो गया था। अनगड़ा प्रखंड के लुपुंग पंचायत के लुपुंग जरा में तुलसी महतो के दिवंगत पुत्र के श्राद्धकर्म एवं औरमांझी के बारीडिह गांव के रहने वाले स्वर्गीय बंधु महतो के श्राद्धकर्म के लिए उनके पुत्र सुरेंद्र महतो के घर अपने सहयोगियों के साथ जाकर शनिवार को फलिन्द्र करमाली ने खाद्य समाग्री उपलब्ध कराया। मौके पर जेएलकेएम के सुमित महतो, लखीन्द्र महतो, बिमल महतो, जय मेहता, महेंद्र महतो, अमरीता देवी, लक्ष्मी देवी, अंजली देवी, सुरेंद्र महतो आदि थे।

# सुरसू मुखिया ने गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास व ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधानसभा अंतर्गत प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा के सुरसू पंचायत में विधायक मद से बनने वाले सिंगारी तालाब गार्डवाल का शिलान्यास आजसू की महिला नेत्री सह सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, प्रखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष जगमोहन बेदिया एवं पंचायत प्रभारी दीनदयाल बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। गौरतलब हो कि इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण तालाब का गार्डवाल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया था। ग्रामीणों का ये मुख्य मार्ग है। इसके अवरूद्ध होने से गांव के लोगों को काफी परेशनी हो रही थी। ग्रामीणों ने विधायक सुदेश महतो से गार्डवाल बनाने की मांग की थी, जिसे उन्होंने अपने मद से कार्य करने की स्वीकृति दे दी थी। वहीं सिंगारी मांझटोली में एक महीने पहले जले ट्रांसफार्मर के स्थान पर लगे नये ट्रास्फार्मर का सुमित्रा देवी ने किया। सिंगारी के ग्रामीणों ने दोनों कार्यो के लिए विधायक सुदेश महतो का आभार प्रकट किया। वहीं, सुमित्रा देवी ने कहा जिस प्रकार सुदेश भैया हमलोगों को साथ देते हैं हम भी उनका ज्यादा से ज्यादा साथ देंगें। मुखिया ने यह भी कहा कि सुदेश महतो ने पूरे पंचायत को सजाने-सवारने के लिए कई योजनाएं दी है। इन सभी योजनाओं की लागत लगभग 11 करोड़ के है। इस मौके पर जिला सचिव शंकर बेदिया, प्रखंड उपाध्यक्ष अमर सिंह मुंडा, श्याम सुंदर बेदिया, ग्राम प्रभारी मधुसूदन बेदिया, मलजू बेदिया, भोलानाथ बेदिया, कोशिला देवी, रवीना देवी, सूरज रजवार, विक्रम हजाम, मोहन बेदिया आदि मौजूद थे।

# बैंक की महिला अधिकारी से चेन छिनतई

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कठिटांड स्थित कनक मेटक के पास बाइक सवार दो उच्चको ने एक महिला के गले से चेन की छिनतई कर ली। घटना शनिवार की सुबह 9.45 बजे घटित हुई। जानकारी के मुताबिक शिव नगर पिर्रा निवासी महिला स्नेहा कुमारी बैंक ऑफ इंडिया रातू चट्टी में कार्यरत है। शनिवार को वह अपने पिता विवेक प्रसाद के साथ स्कूटी पर पीछे बैठकर बैंक जा रही थी। कठिटांड स्थित कनक मेटल के पास जैसे ही वह पहुंची। कठिटांड की ओर से पीछा कर रहे दो बाइक सवार उच्चकों ने उनके गले से सोने की चेन छिन ली और फरार हो गये। जिसकी कीमत 90 हजार रुपये बतायी जा रही है। इस बाबत भुक्तभोगी ने रातू थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# इमरान खान ने 63 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** खखरा बस्ती के वार्ड नंबर 13 में भाजपा के जिला अध्यक्ष इमरान खान के अथक प्रयास से 25 केवी की जगह 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसका उद्घाटन इमरान खान ने किया। उन्होंने कहा कि खाखरा बस्ती के ग्रामीण बिगत दो महीने से बिजली नहीं रहने से परेशान थे। वहीं, बिजली आने से ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष को बधाई दी है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बसारत अंसारी, इफरान अंसारी, मोकतार अंसारी, साबिर अंसारी, साजिद अंसारी, साजिद अजहर आदि मौजूद थे।

# डिवाइडर से टकरायी स्कूटी, युवक घायल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-39 मुख्य पथ पर ब्राम्बे और मुड़मा के बीच शनिवार की शाम 4.30 बजे स्कूटी डिवाइडर से टकरा गयी, जिससे दो युवक घायल हो गए। घायलों में से एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार एक ही स्कूटी पर सवार होकर तीन दोस्त बांसजाड़ी निवासी अनुज तिग्गा और लायो निवासी अंकित तिग्गा अपने एक अन्य साथी के साथ ब्राम्बे बाजार से मांडर लौट रहे थे। तभी उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसकी जानकारी पाकर मांडर थाना प्रभारी राहुल ने सभी को रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां से अनुज तिग्गा को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

# आजसू खिजरी विस के वरीय पदाधिकारियों की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुरुप स्थित ट्रेडिशन बैंकट हॉल में आजसू खिजरी विस के वरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी की में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष संजय महतो के अलावा महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी उपस्थित थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर चूल्हा प्रमुख और ग्राम प्रभारी पार्टी के पीलर मेंबर हैं। संगठनात्मक दृष्टिकोण से खिजरी में अन्य दलों की अपेक्षा आजसू काफी मजबूत स्थिति में है। ऐसे में आजसू चुनावी मैदान में पूरी दमखम के साथ उतरने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के खिलाफ जनता काफी अक्रोशित है। इस बार एनडीए की सरकार बननी लगभग तय हो चुकी है। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, प्रकाश चौधरी, बैजनाथ महतो, उमेश महतो, जगरनाथ महतो, अजीत महतो, महावीर महतो, राजू उरांव, किसून महतो, आशाराम महतो, योगेंद्र महतो, वीना देवी आदि मौजूद थे।

# खेलो झारखंड में अनगड़ा के बच्चों ने जीता कांस्य




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खेलगांव में आयोजित खेलो झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शनिवार को अनगड़ा की रितिका मुंडा एवं शशि मुंडा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। कोच संजय मुंडा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आगे राष्ट्रीय स्तर पर यहां के बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं।

# डांडिया कार्यक्रम में जम कर झूमे शिक्षक-विद्यार्थी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिटूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को दुर्गोत्सव से पूर्व डांडिया रास का आयोजन हुआ। जिसमें रंग बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थी व शिक्षक गरवा की धून पर जमकर थिरके। विद्यार्थियों ने शेर पर सवार होके आजा शेरावाली..., नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम..., राधा कैसे ना जले... आदि गानों पर डंडिया खेला और एक-दूसरे को गले लगकर दुर्गोत्सव की बधाई दी। इसके पूर्व उप प्राचार्य एवं अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर प्राचार्य कैंब्रिज ट्रस्ट की संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी चौहान, डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्टार मनीष नाथ चीफ कॉर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना से महिलाओं को मिलेगा 2100 महीना: रामनारायण

## युवा भाजपा नेता ने विस चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों को जिताने की अपील

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर के युवा भाजपा नेता रामनारायण भगत ने कहा कि भाजपा झारखंड में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में महिलाओं-बेटियों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में गोगो दीदी योजना को लॉन्च किया गया है। इसे चुनाव के बाद सत्ता में आने पर लागू किया जाएगा। कहा कि जैसे ही झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी सभी महिलाओं को अन्य राज्यों की तर्ज पर गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपया प्रतिमाह दिया जाएगा। इस योजना से गरीब परिवारों से आने वाली महिलाओं



और बेटियों को वित्तीय सहायता मिलेगी। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगीं। इस योजना के तहत सलाना 25 हजार 200 रुपये की राशि उनके बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। इस योजना से राज्य की गरीब और पिछड़ी वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना भेदभाव किये प्रत्येक घर को शौचालय एवं प्रदानमंत्री आवास दिया। सभी को राशन दिलवाया। उन्होंने भाजपा का पंचप्रण के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें भाजपा की सरकार बनने पर पांच लाख रोजगार व 2 लाख 87 हजार सरकारी नौकरी, महिलाओं को 2100 रुपया महीना, 500 में गैस सिलेंडर व साल में दो मुफ्त, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट को हर महीने दो हजार और हर झारखंडी को पक्का मकान देने का प्रावधान है।

# मांडर में बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मुडमा मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत मांडर विद्युत कार्यालय की ओर से बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र के वितरण के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें विभिन्न गांव के 100 उपभोक्ताओं को बिल माफी का प्रमाण पत्र दिया गया। विदित हो कि मांडरविद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल अंतर्गत करीब 44000 उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ हुआ है। जागरूकता के तौर पर इस दिन प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर एसडीओ राजेश बिरुवा, जेई आशीष कुमार मुंडा, अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर, विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी, विकास त्रिवेदी आदि थे।

# बेड़ो में दुर्गा पूजा की तैयारी अंतिम चरण में

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वाधान में पूजा की तैयारी जोरों पर है। दुर्गापूजा पंडाल व प्रतिमा को कलाकार अंतिम रुप देने में लगे हैं। पंडालों में विद्युत सज्जा की जा रही है। हर तरफ उत्साह का माहौल है। महादानी मंदिर परिसर में दुर्गा मंदिर के सामने काल्पनिक पंडाल के प्रारूप का आकर्षक पंडाल बन रहा है। वहीं, प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकल मेड़ी, मुरतो, तुको, दिघिया, ईंटा चिल्द्री व घाघरा में काल्पनिक आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। वहीं पूजा महासमिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय ने बताया कि शारदीय नवरात्र का शुभारंभ तीन अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ शुरू हो गया है। महानवमी तक प्रतिदिन नवाहन परायण श्री रामचरित मानस पाठ का होगा। वहीं षष्ठी को बिल्वरण के साथ मां का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। 12 अक्टूबर को विजयदशमी पर आकर्षक आतिशबाजी के बीच रावण दहन होगा। इधर, महादानी मैदान में उमेश पेंटर की देखरेख में रावण का पुतला बनाने का कार्य शुरू हो चुका है।

## शिक्षा का बाजारीकरण

यूनेस्को और आइएलओ की पहल पर 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाये जाने की शुरुआत सन 1994 में हुई थी। उद्देश्य या मूलमंत्र था कि शिक्षक विद्यार्थियों के गुण-दोष पहचान कर इस प्रकार शिक्षित करें कि वे श्रेष्ठ नागरिक बनने के साथ-साथ पढ़ाये गये विषयों में पारंगत हों और कीर्तिमान स्थापित करें। यह संकल्पना कितनी सफल हुई यह भारत के संदर्भ में समझना आवश्यक है। आज दुनिया में सबसे अधिक पढ़ा-लिखा, भारत की तुलना में छोटा-सा देश दक्षिण कोरिया है। उसके बाद अन्य विकसित कहे जाने वाले देशों में चीन, रूस, कनाडा, अमेरिका, जर्मनी, इंगलैंड, फ्रांस, आयरलैंड, नॉर्वे हैं। भारत का क्रम इनके बाद कहीं नब्बे के आसपास आता है, कुछ लोग कहते हैं कि 60 के आसपास हमारा नंबर है। मतलब यह कि हमारी दशा है चिंताजनक। हमारी आधी आबादी लगभग अशिक्षित या काम चलाऊ रूप से शिक्षित है। बाकी के बारे में सोचना भी रुचिकर नहीं लगता, क्योंकि तब अनपढ़ देशों की मंडली में आने का भय है। विडंबना यह है कि चीन जिससे आबादी के मामले में हम आगे निकल चुके हैं उसके शिक्षकों की संख्या हमसे दुगुनी यानी लगभग 2 करोड़ है। अग्रिम पंक्ति में आने वाले देशों में 50 से 80 लाख तक शिक्षक हैं। अनुमान है कि विश्व में लगभग 15 करोड़ बच्चे सुबह पढ़ने के लिए शानदार इमारतों और सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस शिक्षण संस्थाओं में जाते हैं। इनमें भारत जैसे विकासशील देश भी हैं और अविकसित भी।

**हमारे देश में विश्वविख्यात और श्रेष्ठ शिक्षकों की कभी कोई कमी प्राचीन काल से ही नहीं रही है। उन्हें आज भी याद किया जाता है। हद तो तब हो जाती है जब उनके नाम का इस्तेमाल शिक्षा के बाजार में अपनी साख बनाने के लिए किया जाता है।**

इनमें शिक्षा के भव्य भवन भी मिल जायेंगे और मकान, दुकान, हवेली, पुराने जर्जर घर में बने स्कूल भी जो सर्व शिक्षा अभियान या ऐसी ही किसी सरकारी योजना से अनुदान या सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से गली मोहल्लों में बना लिये जाते हैं। इनमें पैसा लगाने वाला कभी सामने नहीं आता पर किसी नामी-गिरामी शिक्षक या जिसने पढ़ाने की ट्रेनिंग ली हो, बीएड या एमएड हो, उसे आगे कर दिया जाता है। उसका प्रमुख काम यह होता है कि पढ़ाई-लिखाई चाहे न हो लेकिन सरकारी सुविधाएं और गैर-सरकारी एनजीओ तथा विभिन्न उद्योगपतियों द्वारा स्थापित टैक्स बचाने के उद्देश्य से खोली गया चैरीटेबल संस्थाओं से धन की व्यवस्था करे। उसे भी पढ़ने पढ़ाने से अधिक इन चीजों को जुटाने में अपनी भलाई दिखायी देने लगती है। इस तरह शिक्षक की आड़ में यह काला धंधा फलता-फूलता रहता है। शिक्षा के व्यावसायीकरण के नाम पर इस व्यापार के बाजार में इन घटिया संस्थानों की फीस इतनी बढ़ जाती है कि सामान्य आमदनी वाला व्यक्ति हसरत भरी निगाहों से इनके विशाल परिसरों को देखकर मुग्ध तो हो सकता है, लेकिन अपने बच्चों को उनमें पढ़ाने का सपना तक नहीं देख सकता। हमारे देश में विश्वविख्यात और श्रेष्ठ शिक्षकों की कभी कोई कमी प्राचीन काल से ही नहीं रही है। उन्हें आज भी याद किया जाता है। हद तो तब हो जाती है जब उनके नाम का इस्तेमाल शिक्षा के बाजार में अपनी साख बनाने के लिए किया जाता है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण, स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत ने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है, ताकि वे अपने साफ सफाई और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकें। इस प्रयास ने स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण मूल्यों के साथ एकीकृत किया है। एसबीएम के केंद्र में विभिन्न समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, नागरिक आज स्वच्छता के चैंपियन बन गये हैं।**

## स्वच्छ भारत मिशन : शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ब्लू-प्रिंट



तोखन साहू

ऐसे वक्त में जब हम स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मना रहे हैं, हम एक दशक तक चलने वाली एक ऐसी परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी बन रहे हैं, जिसने भारत में साफ सफाई और स्वच्छता को एक नये रूप में परिभाषित किया है। 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया यह मिशन महज एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था - देश के हर नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित भारत में योगदान करने का आह्वान। आज, एसबीएम ने केवल शौचालयों के निर्माण और पहुंच बढ़ाने से आगे बढ़ते हुए, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिए समुदायों को सही मार्गदर्शन देने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है और लोगों को समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। खुद प्रधानमंत्री द्वारा इस पहल को आगे लाने के प्रयास की बदौलत, भारत आज खुले में शौच से मुक्त हो चुका है और इस पहल ने हमारे समुदायों में जन भागीदारी के भाव को बल दिया है।

**महिलाएं सामुदायिक बदलाव लाने और जागरूकता अभियानों में भी अहम भूमिका निभाती हैं।**

शहरी क्षेत्रों में एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है। प्रभावी अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज नये समाधानों को खुले दिल से अपनाया है, जो हमारे प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2014 -2024 के बीच किये गये दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों के कारण ही संभव हो पाया है।

वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण, स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत ने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है, ताकि वे अपने साफ सफाई और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकें। इस प्रयास ने स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण मूल्यों के साथ एकीकृत किया है।

एसबीएम के केंद्र में विभिन्न समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, नागरिक आज स्वच्छता के चैंपियन बन गये हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है, स्पष्ट दिशानिर्देश स्थापित किए हैं, शहरों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता रणनीतियों को तैयार किया है और सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। इसके साथ ही नगरपालिका कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने स्वच्छ सर्वेक्षण जैसे उपकरणों का उपयोग करते हुए इस मुहिम के तहत हो रही प्रगति को ट्रैक करने और जरुरी बदलाव करने के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ अपने प्रदर्शन पर काम किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करते हुए मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक सामान्य लक्ष्य की दिशा में मिल कर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर जोर देने की वजह से संसाधनों को जुटाने और तकनीकी नवाचारों में और सुविधा मिली है, जिससे स्वच्छता समाधान अधिक सुलभ और टिकाऊ हुए हैं। इसके अतिरिक्त सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल स्वास्थ्य जांच प्रदान करती है और सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती है, जो सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती है। यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समावेशी हों और हाशिए पर रहने वाले लोगों तक न्यायसंगत तरीके से पहुंचे और एसबीएम ने सफलतापूर्वक ऐसा किया है। ऐसा ही एक उदाहरण, जो मैंने करीब से देखा है, वह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर का है। एक विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के जरिए, करीब 200,000 निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल कचरे को प्रभावी ढंग से कम किया है और इसे स्रोत पर प्रबंधित करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता अर्जित की है। इस सफलता का एक प्रमुख कारण है, 470 सफाई कर्मियों का एक समर्पित समूह, जो शहर के लिए कचरे का प्रबंधन करने के लिए प्रशिक्षित जीवंत महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों ने न केवल राजस्व उत्पन्न करने के लिए, बल्कि समावेशी रणनीतियों के सामाजिक-आर्थिक लाभों का प्रदर्शन करते हुए, अंबिकापुर नगर पालिका को सामुदायिक सेवाओं में पुनर्निवेश करने में भी सफलतापूर्वक मदद की है।

अंबिकापुर में महिलाएं संपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया को चलाती हैं - संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक - वे कचरे को दायित्व के बजाय एक संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और संसाधन वसूली को प्रोत्साहित करती है और अपशिष्ट चक्र को प्रभावी ढंग से संचालित करती है। जिम्मेदार अपशिष्ट निष्पादन के बारे में समुदाय को शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती हैं, आर्थिक अवसरों के अवसर बनाती है और टिकाऊ प्रथाओं को प्राथमिकता देती हैं। जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन से शुरूआत को ज्यादा अहमियत देने वाले इस नजरिए ने राज्यों को अपशिष्ट प्रबंधन में प्रशंसनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया है।

अंबिकापुर की महिलाओं के नेतृत्व वाली स्वच्छता पहल, उन टियर ।। और टियर ।।। शहरों के लिए एक उम्मीद भरे प्रयास के रूप में कार्य करती है, जो प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों पर काम करना चाहते हैं। हांलाकि हर समुदाय की चुनौतियां अलग होती है, अंबिकापुर मॉडल, सामुदायिक जुड़ाव द्वारा संचालित स्थानीय समाधानों की शक्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे शहरी आबादी बढ़ रही है और अपशिष्ट प्रबंधन तेजी से जरुरी होता जा रहा है, दुनिया भर के शहर अंबिकापुर से प्रेरणा ले सकते हैं। सही समर्थन और प्रतिबद्धता के साथ, हम अपशिष्ट प्रबंधन को विकास और सशक्तिकरण के संसाधनों में तब्दील कर सकते हैं, जिससे समुदायों और पर्यावरण दोनों को लाभ होगा।

हमारे पास देश भर में महिला सशक्तिकरण के तमाम उदाहरण मौजूद हैं, जिनसे साफ सफाई और स्वच्छता के मिशन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महिलाओं की अहम भूमिका साफ दिखायी देती है। अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य पहलों में महिलाएं सबसे मजबूत नेतृत्व की भूमिका अदा करती हैं, जो उन्हें बदलाव का एक अहम केंद्र बिंदु बनाता हैं। अपनी सक्रिय भागीदारी के जरिए, उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान दिया है, बल्कि साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदला है। एसबीएम द्वारा लाये गये प्रभावों में से एक है- स्वच्छता भूमिकाओं में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का निर्माण। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं को अपशिष्ट संग्रह, पृथक्करण और प्रसंस्करण प्रक्रियाओं में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किये हैं। सफाई कर्मी के रूप में महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता मिलती है और साथ ही उनके समुदायों में उनका ओहदा बढ़ता है। यह आर्थिक सशक्तिकरण और पारंपरिक लिंग मानदंडों को चुनौती देते हुए उनके आत्मसम्मान और मान्यता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महिलाएं सामुदायिक बदलाव लाने और जागरूकता अभियानों में भी अहम भूमिका निभाती हैं। वे परिवारों को स्वच्छता से जुड़ी प्रथाओं, अपशिष्ट पृथक्करण और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं। उनकी भागीदारी स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देती है और एसबीएम की पहलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

अंत में एसबीएम में महिलाओं के आने से न केवल स्वच्छता पहल की प्रभावशीलता में इजाफा हुआ है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिला है। और अगर भविष्य में ये मिशन और कामयाबी हासिल करेगा। अब स्वच्छता प्रथाओं में स्थिरता सुनिश्चित करने, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की ओर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित नजरियों का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को और सुधारना तथा अपनी पहुंच का विस्तार करना है, ताकि देश के हर कोने तक स्वच्छता का फायदा पहुंच सके। इसके अलावा, हमें भविष्य की पीढ़ी में भी साफ सफाई और स्वच्छता के मूल्यों को स्थापित करना जारी रखना होगा। स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक कार्यक्रम, पिछले एक दशक में हमारे द्वारा बनाई गई गति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम स्वच्छता की भावना को अपनाते हुए और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए एकजुट होकर काम करना जारी रखें। ये सफर अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक कार्रवाई की मदद से, एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाना हमारे हाथ में है।

**(लेखकः केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री हैं।)**




## देश-विदेश की खबरें1

### मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 के पहले चरण का शुभारंभ

## हम बंटे तो बांटनेवाले महफिल सजायेंगे : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की बहुप्रतीक्षित पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 के पहले चरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मुंबई की पहलीअंडर ग्राउंड मेट्रो एक्वा लाइन 3 देश की पहली संपूर्ण भूमिगत मेट्रो है। उन्होंने 14120 करोड़ रुपये की लागत वाली मुंबई मेट्रो लाइन 3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन किया। ठाणे में परियोजना के उद्घघाटन के साथ ही पीएम ने ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना और एलिवेटेड ईस्टर्न फ्री वे एक्सटेंशन सहित 32,800 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने नवी मुंबई हवाईअड्डा प्रभाव अधिसूचित क्षेत्र परियोजना का भी शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, भारत की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी है। चाहे कोई भी दौर हो, कोई भी राज्य हो, कांग्रेस का चरित्र नहीं बदलता। हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने तो हद ही कर दी है। हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने टॉयलेट टैक्स लगाया है। एक ओर मोदी कह रहा है टॉयलेट बनाओ और ये कह रहे हैं कि हम टॉयलेट पर टैक्स लगाएंगे। कांग्रेस लूट और फरेब का पूरा पैकेज है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके साथियों का एक ही मिशन है,



समाज को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमारी एकता को ही देश की ढाल बनाना है। हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस का असली रंग खुल कर सामने आ गया है। कांग्रेस को अब अर्बन नक्सल का गैंग चला रहा है। पूरी दुनिया में जो लोग भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहते हैं, कांग्रेस अब खुलकर उनके साथ खड़ी है। इसलिए अपनी घोर असफलता के बावजूद कांग्रेस, सरकार बनाने का सपना देख रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि मुंबई की एक्वा लाइन मेट्रो का शुभारंभ हुआ है। इस लाइन का मुंबई के लोग काफी समय से इंतजार कर रहे थे। मैं जापान सरकार का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं। जापान ने जापानीज इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के जरिये इस प्रोजेक्ट में बहुत सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि ठाणे से बाबा साहेब ठाकरे का खास लगाव था। यह स्व. आनंद दिघे का भी शहर है। इस शहर ने देश को आनंदी बाई जोशी जैसी देश की पहली महिला डॉक्टर दी थी। हम इन विकास कार्यों के जरिये इन महान विभूतियों के संकल्प को भी पूरा कर रहे हैं। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के सभी लोगों को बधाई देता हूं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। ये केवल मराठी और महाराष्ट्र का सम्मान नहीं है, बल्कि ये उस परंपरा का सम्मान है, जिसने इस देश को ज्ञान, दर्शन, अध्यात्म और साहित्य की समृद्ध संस्कृति दी है। मैं इसके लिए देश और दुनिया में मराठी बोलने वालों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार ने 33 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों को शुरू किया है। यह विकास कार्य मुंबई और ठाणे को आधुनिक पहचान देंगे।

पीएम ने कहा कि आज हर भारतवासी का एक ही लक्ष्य है विकसित भारत। इसलिए हमारी सरकार का हर निर्णय, हर संकल्प, हर सपना विकसित भारत के लिए समर्पित है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें मुंबई-ठाणे जैसे शहरों को फ्यूचर रेडी बनाना है। इसके लिए हमें डबल मेहनत करनी पड़ रही है क्योंकि हमें विकास भी करना है और कांग्रेस सरकारों के गड्ढों को भी भरना है। पीएम ने कहा कि आज एक तरफ महायुति सरकार है, जो महाराष्ट्र के विकास को ही अपना लक्ष्य मानती है। दूसरी ओर कांग्रेस और महाअघाड़ी वाले लोग हैं, उन्हें जब भी मौका मिलता है, वो विकास के काम को ठप कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में मेट्रो लाइन-3 की शुरुआत देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री रहते हुई थी। इसका 60 प्रतिशत काम उनके कार्यकाल में हो भी गया था, लेकिन फिर महाअघाड़ी की सरकार आ गयी। महाअघाड़ी वालों ने अपने अहंकार में मेट्रो का काम लटका दिया। 2.5 साल तक काम अटके रहने से प्रोजेक्ट की कीमत 14 हजार करोड़ रुपये बढ़ गई। पीएम ने कहा कि पिछले एक हफ्ते का हाल देखिए। कांग्रेस के एक सीएम का जमीन घोटाले में नाम आया है। उनके एक मंत्री महिलाओं को गालियां दे रहे हैं, उनको अपमानित कर रहे हैं। हरियाणा में कांग्रेस का एक नेता ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। कांग्रेस चुनाव में बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन सरकार बनने पर जनता के शोषण के नए-नए तरीके खोजती है। आए दिन, नए-नए टैक्स लगाकर अपने घोटालों के लिए पैसा जुटाना ही इनका एजेंडा है।

## पीएम मोदी ने किसान-सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की

**देश के 9.4 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में ट्रांसफर किये 20 हजार करोड़ रुपये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अक्टूबर (शनिवार) को पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी है। इस बार ढट मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम से 9.4 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपये की किस्त भेजी है। 18वीं किस्त के रूप में कुल 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गयी है। वहीं इस योजना के तहत महाराष्ट्र के 91.5 लाख किसानों को 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा का सीधा लाभ मिला है। इस योजना के तहत



सरकार 2,000 रुपये की 3 किस्तों में किसानों को हर साल 6,000 रुपये देती है।

पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। योजना के तहत सरकार अब तक 17 किस्तों में किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि भेज चुकी है।

## इजरायल ने हाशिम सफीद्दीन को भी बेरूत में मार गिराया

एजेंसी

**बेरूत।** लेबनान में पिछले दिनों हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह को ढेर किये जाने के बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने इजरायल के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया और बदला लेने की पूरी तैयारी कर रहा है। इस बीच, हिजबुल्लाह के अगले चीफ पर भी चर्चा होने लगी, जिसमें हाशिम सफीद्दीन का नाम सामने आया। अब एक रिपोर्ट में सामने आया है कि नसरल्लाह के संभावित उत्तराधिकारी हाशिम को भी इजरायल ने बेरूत में मार गिराया। उसकी जान उसी हमले में गई, जिसमें नसरल्लाह ढेर हुआ था।

सऊदी न्यूज आउटलेट अल हदथ ने दावा किया किया है कि



हाशिम की मौत की इजरायल ने भी पुष्टि कर दी है। हालांकि, इजरायल की ओर से अब तक सार्वजनिक तौर पर ऐसा कोई बयान सामने नहीं आया, जिसमें उसकी मौत को कन्फर्म किया गया हो। लेबनानी सोर्स का हवाला देते हुए इजरायली मीडिया ने बताया कि इजरायल ने शुक्रवार और शनिवार के बीच रात में बेरूत के दहिह उपनगर में हाशिम को कथित तौर पर निशाना बनाया।

## 'वेज थाली' की कीमत 11% बढ़ी

**प्याज-आलू और टमाटर के भाव ने दाम बढ़ाये**

**नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 2% सस्ती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर में (सालाना आधार पर) 11% बढ़ कर 31.3 रुपये हो गयी। पिछले साल सितंबर 2023 में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपये थी। क्रिसिल ने जारी किये अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत में पिछले महीने अगस्त की तुलना में सितंबर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगस्त में वेज थाली की कीमत 31.2 रुपये थी। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, सब्जियों के दाम बढ़ने के चलते वेज थाली कॉस्ट में बढ़ोतरी हुई है। वेज थाली कॉस्ट में सब्जियों की 37% हिस्सेदारी होती है। सालाना आधार पर प्याज (53%), आलू (50%), टमाटर (18%) और दाल (14%) की कीमतों में



बढ़ोतरी के कारण वेज थाली की कॉस्ट में ये बढ़त देखने को मिली है। सालाना आधार पर एलपीजी सिलेंडर 11% सस्ता हुआ है।

**नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 2% सस्ती :** वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत सितंबर में सालाना आधार पर 2% गिरकर 59.3 रुपये हो गयी। पिछले साल सितंबर 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 60.7 रुपये थी। मंथली बेसिस पर यानी अगस्त की तुलना में सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगस्त में नॉन-वेज थाली की कीमत 59.3 रुपये ही थी। वहीं नॉन वेज थाली की कीमत में ये गिरावट ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 13% की कमी के चलते आयी है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50% हिस्सेदारी होती है।

## पूर्व विधायक जलेश्वर महतो और रोहित यादव के समर्थकों के बीच नारेबाजी को लेकर विवाद

# कांग्रेस के जनसंवाद कार्यक्रम में हंगामा-मारपीट

## विस चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश हाइ, जहां भी लड़ेंगे जीतेंगे : सुबोधकांत सहाय

**आपसी मतभेद भूलकर पार्टी हित में ध्यान दें कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता







कांग्रेस के जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, जलेश्वर महतो व अन्य। प्रत्याशी पद के दावेदार रोहित यादव। कार्यक्रम में हंगामा करते जलेश्वर महतो-रोहित यादव समर्थक।

**कतरास।** बाघमारा विधानसभा अंतर्गत श्यामडीह मोड़ स्थित शिव प्लाजा में शनिवार को कांग्रेस के जनसंवाद अभियान लक्ष्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह संचालन राशिद राजा व धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता जावेद राजा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी शामिल हुए। इस अवसर पर बाघमारा विधानसभा चुनाव में दावेदारी करने वाले प्रत्याशी और उनके समर्थक उपस्थित थे। सुबोधकांत सहाय ने जैसे ही अपना संबोधन शुरू किया, पूर्व विधायक जलेश्वर महतो और कांग्रेस नेता रोहित यादव के समर्थकों के बीच नारेबाजी को लेकर विवाद बढ़ गया, जो मारपीट में तब्दील हो गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत के सामने ही पार्टी कार्यकर्ता एक-दूसरे से उलझ गये। इस हंगामे ने कांग्रेस के 2024 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच नारेबाजी और मारपीट से अंदरुनी गुटबाजी सामने आ गई। हालांकि मामला बिगड़ता देख तुरंत जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने मोर्चा संभाला और दोनों पक्ष के कार्यकर्ताओं को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद दोबारा कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस शहीदों की पार्टी है। दो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए शहादत दी। उन्होंने भाजपा पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में समाज को टुकड़ों में बांट दिया। ऐसी पार्टी को हमें मिलकर दरकिनार करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। झारखंड चुनाव में सरकार बनाने के लिए अधिक से अधिक सीट जीतने और एक साथ होकर चुनाव लड़ने को लेकर प्रेरित किया। वहीं, रोहित यादव ने कार्यकर्ताओं को समझाते हुए कहा कि आपसी मतभेद को भूल कर बाघमारा का भला करने की सोचें। रोहित यादव ने कहा कि जलेश्वर महतो के लिये वह हमेशा काम किए हैं। इस बार बड़े भाई अपने छोटे भाई के लिये काम करेंगे। उन्हें मना लेंगे। कांग्रेस 5 बार से बाघमारा की सीट हार रही है। बाघमारा में गुंडा राज है। अगर पार्टी ने हमें मौका दिया तो मैं बाघमारा का चुनाव जीतकर इसे भयमुक्त बनाउंगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, अनुशासन समिति अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, पप्पू दुबे, दिलीप मिश्रा, सुदेश दास, पारस दसौंधी और सोनू शर्मा आदि मौजूद थे ।

## दो दर्जन लोगों ने थामा झामुमो का दामन



**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के उलगड्डा पंचायत के ग्राम पुटकाडीह में शनिवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो की मौजूदगी में दो दर्जन लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में का दामन थाम लिया। बताते चले कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर योगेंद्र प्रसाद महतो पुटकाडीह पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं समाधान करने को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान हड़मिता, झिरके, चिपूदाग के लगभग दो दर्जन लोगों ने झामुमो का दामन थामा। शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि योगेंद्र प्रसाद महतो के ज्वलंत मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठाकर निराकरण करने, हर समय जनता के बीच उपलब्ध रहने और सहज राजनीति एवं राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में हर वर्ग चाहे व महिलाएं, युवा हों या बुजुर्ग सभी को कल्याणकारी योजनाओं के जरिए मिले रहे लाभ एवं समुचित विकास से प्रेरित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं। इस दौरान पूर्व विधायक ने पार्टी चुनाव चिन्ह का अंग वस्त्र भेंटकर सभी का झामुमो परिवार में स्वागत किया। कहा कि इस कारवां को और मजबूत करना है। आपका विश्वास ही मेरी ताकत है। दूसरी ओर, झामुमो में शामिल होने वालों में कौशर हाशमी, मो एजाज, रवि गोसाईं, इरशाद आलम, मो साजिद, मो आजाद, जाबिर हुसैन, जीतू महतो, वाहिद रजा, सोनम परवीन, तरन्नुम परवीन और रेशमा खातून सहित दो दर्जन लोग हैं।

## मारवाड़ी सम्मेलन के आजीवन सदस्य सुरेश बंसल निष्कासित

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो मारवाड़ी सम्मलेन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार खेमका ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मारवाडी सम्मेलन के आजीवन सदस्य सुरेश बंसल को निष्कासित किये जाने की घोषणा की। कहा कि सुरेश बंसल को इसलिए निष्काषित किया गया कि स्व दिलीप गोयल के निधन के बाद चल रही चर्चाओं से संपूर्ण मारवाड़ी समाज और संस्था की छवि धूमिल हो रही थी। इसके लिए बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा उस चर्चा को संज्ञान में लेकर सुरेश बंशल से कुछ विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। पर उन्होंने सिर्फ एक विषय में तर्कहीन, तथ्यहीन और बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा लिखे शब्दों को तोड़ मरोड़कर संस्था पर ही आरोप लगा दिया था। बाकि विषयों में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। जिससे बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन ने इन विषयों में उनकी संलिप्ता मानी और उनके द्वारा दिए गये स्पष्टीकरण को सम्मेलन की कार्यकारिणी की बैठक में रखा गया। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने स्पष्टीकरण को अधूरा माना और सर्वसम्मति से उनकी सदस्यता समाप्त करते हुए निष्काशन करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नियमावली में किसी भी शाखा के आंतरिक मामलों में जिला सम्मेलन को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। बोकारो जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा बेरमो शाखा के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप पूर्णतः असंवैधनिक और अधिकारों पर अतिक्रमण कहलायेगा। शाखा के मामलों में हस्तक्षेप सिर्फ प्रांतीय इकाई (झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन) ही कर सकती है।

## माकपा का डब्बा कोष संग्रह अभियान बलियापुर में संपन्न



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** माकपा के 19-20 अक्टूबर को होने वाले जिला सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर शनिवार को बलियापुर हटिया और बाजार क्षेत्रों में डब्बा कोष संग्रह अभियान चलाया गया। माकपा नेता संतोष महतो ने बताया कि जिला सम्मेलन का मुख्य आकर्षण 19 अक्टूबर को नेहरू मैदान में आयोजित खुला सत्र होगा। जिसमें बिहार से माकपा विधायक डॉ सत्येंद्र कुमार यादव, पार्टी के केंद्रीय समिति के सदस्य आभाष राय चौधरी और राज्य सचिव प्रकाश विप्लव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगें। वहीं, कोष संग्रह अभियान में पार्टी के कई प्रमुख नेता शामिल हुए। इनमें सिंदरी-बलियापुर लोकल कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर, बलियापुर शाखा सचिव समीरन बिद, सिंदरी शाखा-1 सचिव गौतम प्रसाद, सुबल चंद्र दास, रामकायक राम, शिबू राय और किसान संग्राम समिति के बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष काशीनाथ मंडल आदि मौजूद थे।

## झारखंड में जेएलकेएम की बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकार : डिंपल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी महिला मोर्चा धनबाद की जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने पार्टी कार्यकर्ताओंको संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख जयराम महतो के विचारधाराओं से झारखंड के सभी जनमानस प्रभावित हैं। हर जगह हमें लोगों, महिलाओं का सहयोग व प्रोत्साहन मिल रहा है। इन 24 वर्षों में सभी राजनीतिक दलों से जनता त्रस्त हैं। समृद्ध राज्य होने के बावजूद झारखंड के लोग भुखमरी की कगार पर है। भ्रष्टाचार-शोषण चरम पर है। इस बार जनमानस ने बदलाव का संकल्प ले लिया है। निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव में जेएलकेएम की जीत होगी और बहुमत की सरकार बनायेंगें। वहीं, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि घर-घर जाकर लोगों से मिलें व उनकी समस्याओं को सुनें। पार्टी हर स्तर तक सबकी समस्याओं के समाधान को लेकर संकल्पित है। इस बार झारखंड में बदलाव निश्चित है।

## डालसा ने पांच बेटियों सहित नौ गरीब बच्चों को पढ़ाई के लिए स्पांसरशिप योजना से जोड़ा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डालसा की पहल से नवरात्र में शनिवार को पांच अनाथ बेटियों को नया जीवन मिला। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत गठित स्पेशल टीम ने हिरापुर मध्य विद्यालय में पढ रही पांच ऐसी नाबालिग बेटियों एवं चार नाबालिग लड़कों चिन्हित किया है जो अत्यंत गरीब है। जिनके माता-पिता की मौत हो चुकी है। वे अपने रिश्तेदारों के यहां रहते हैं और स्कूल के बाद दुकानों में काम करते हैं। स्पेशल टीम ने शनिवार को इसकी सूचना डालसा को दी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तुरंत इस पर कार्रवाही करने का आदेश डालसा सचिव राकेश रोशन को दिया। उन्होंने सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी एवं हिरापुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका को सभी चिन्हित नौ नाबालिगों के साथ डालसा कार्यालय में बुलाया। सभी के आवश्यक दस्तावेज तैयार किए गए। अवर न्यायाधीश सह सचिव ने रेस्क्यू किए गए बच्चों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्पानशरसीप (प्रायोजन) योजना के तहत मिलने वाले चार हजार रुपए प्रत्येक माह 18 वर्ष की आयू तक का भुगतान करवाने और उससे संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई कर 30 दिनों के अंदर रिपोर्ट करने का आदेश दिया है। वहीं, बच्चों ने कहा कि वह पढ़ाई लिखाई कर अधिकारी बनना चाहते हैं। पर माता-पिता के नहीं रहने व गरीबी के कारण वे लोग मायूस हो गए थे। आज उन्हें नया जीवन मिला है।

## बलिदान दिवस के रूप में मना शहीद सुशांतो सेनगुप्ता का 23 वां शहादत दिवस



**निरसा (आजाद सिपाही)।** शहीद सुशांतो सेनगुप्ता का 23 वां शहादत दिवस शनिवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान माल्यार्पण के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी ने रामकनाली स्थित शहीद स्थल पर पहुंच कर अपने चहेते नेता को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी एवं भाजपा के कई नेता आदि उपस्थित थे। वहीं, निरसा विधायक सह शहीद सुशांतो सेनगुप्ता की पत्नी अपर्णा सेनगुप्ता ने भी नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

## चौकीदार संवर्ग की सीधी नियुक्ति के लिए शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा संपन्न

# 564 अभ्यर्थियों में से 174 सफल, 28 रहे अनुपस्थित

**सफल अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य जांच परीक्षा सात को बोकारो सदर अस्पताल में**

आजाद सिपाही संवाददाता



शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा के दौरान अभ्यार्थियों के कागजातों की जांच करते अधिकारी।

**बोकारो।** जिले में चौकीदार संवर्ग के कुल 159 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए सेक्टर 12 स्थित जैप-4 मैदान में शनिवार को आयोजित शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह से ही अभ्यर्थियों का जुटान होने लगा था। क्रमवार अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज करते हुए मैदान में प्रवेश कराया गया। प्रतिनियुक्त टीम द्वारा ऊंचाई एवं दौड़ जांच किया गया। बतातें चलें कि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 564 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें 536 उपस्थित, जबकि 28 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उधर, शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा में अभ्यर्थियों की हाइट जांच के बाद दौड़ कराया गया। हाइट जांच में कुल 10 अभ्यर्थी असफल रहें। वहीं, दौड़ में कुल 174 अभ्यर्थी सफल रहे। जिसमें 34 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। इस अवसर पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी। कहा कि सफल अभ्यर्थियों की सात अक्टूबर को चिकित्सा जांच होगी। इसके लिए चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड गठन किया गया है। बोकारो सदर अस्पताल के दूसरे तल्ले पर स्थित सभागार में सोमवार की सुबह आठ बजे चिकित्सा जांच कराना होगा। दूसरी ओर, शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था की थी। अभ्यर्थियों के लिए पानी, ओआरएस, फल आदि की व्यवस्था की गई थी। वहीं, परीक्षा को सफल एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सुबह से ही डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता (एसी) मो मुमताज अंसारी, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी शालिनी खालखो, बेरमो एसडीओ मुकेश मधुआ, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार और नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे आदि उपस्थित रहे।

## मातृ सदन में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**झरिया (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री अग्रसेन जयंती पखवाड़ा के तहत शनिवार को मातृ सदन परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के संयोजक कृष्णकांत अग्रवाल, डॉ कृष्णा अग्रवाल और डॉ फरहान ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में डॉक्टर कृष्णा अग्रवाल, डॉक्टर फरहाना, अशोक कुमार, गोपाल मिश्रा ने 125 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। जरूरत के अनुसार उन्हें मुफ्त में दवा दी गयी। मौके पर सम्मेलन सचिव दीपक अग्रवाल, प्रमोद जालुका, गणेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, बंटी अग्रवाल आदि थे।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda,**
**Ranchi-834002,e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**

**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/36/24-25 Dated 04.10.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road- Borio- Santhali (MDR-208) to Km-269 of ADB road via Gauripur Pandaria, Kusabhi , Dighi Rakson road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of. from Consultants empanelled in CategoryI with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 13.50 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.10.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 17.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 18.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 338126 Road(24-25).D

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**

e-Tender Reference No.-RCD/FSD/AP/RAN/**37**/24-25 Dated **04.10.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of - Banjhi Bazaar (Shaheed Chowk) -Mandro Block road via Mahadevganj asthan Birbalkandar, Marangtand road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Sahebganj in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in CategoryI with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 18.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 30,000/- (Rupees Thirty Thousand) through online mode only.As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.10.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 17.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 18.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No- 8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders. gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR.NO.338123 Road(24-25):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।**
**(जिला आपूर्ति शाखा )**
( e-Mail id:- dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)
**–:प्रेस विज्ञप्ति:–**

खाद्य, सार्वजनिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची के द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्यान्न सुरक्षा योजना से आच्छादित झारखण्ड के ग्रीन कार्ड धारकों को बैकलॉग के राशन को नियमित करने के उद्देश्य से माह में दो बार राशन वितरण की योजना बनाई गई है। इसके तहत् प्रत्येक माह के 01 से 15वीं तारीख तक एक माह का बैकलॉग राशन मिलेगा। जबकि 16वी तारीख से 30वीं तारीख तक चालू माह का राशन मिलेगा।

चतरा जिला में भी ग्रीन कार्डधारकों को माह में दो बार खाद्यान्न वितरण की जाएगी, इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
चतरा।

PR 338086 Food Public Distribution And Consumer Affairs(24-25)D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(जिला स्थापना शाखा)**

**–: आम सूचना :–**

चतरा जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2024 के आलोक में दिनांक 28.09.2024 को आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से प्राप्तांक के आधार पर रिक्ति के अनुपात (1:3 के संख्या) में परीक्षाफल का प्रकाशन जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in में कर दिया गया है।

सफल अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 07.10.2024 को पूर्वाह्न 06:00 बजे से पुलिस लाईन, चतरा में शारीरिक माप एवं दौड़ का आयोजन किया गया है। तदनुसार संबंधित अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र, मूल आधार कार्ड एवं एक अद्यतन फोटो के साथ पूर्वाह्न 05:30 बजे तक यथास्थान पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त,
चतरा

PR 338074 District(24-25)#D

# बंगाल फिर शर्मसार: दुष्कर्म के बाद 10 साल की छात्रा की हत्या, उग्र भीड़ ने पुलिस चौकी फूंकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दरिंदगी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ कि अब बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में चौथी कक्षा की एक छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना शनिवार को सामने के बाद तनाव फैल गया। महिसमारी गांव में तालाब किनारे से 10 वर्षीय लड़की का शव मिलने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग उग्र हो उठे और सुबह से ही सड़क पर उतरकर भारी बवाल किया। आक्रोशित लोगों की भीड़ ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए आरोपित के घर सहित स्थानीय महिसमारी पुलिस चौकी में जमकर तोडफोड़ की। पुलिस चौकी में आग तक लगा दी। पुलिस पर पथराव भी किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने चौकी के बाहर खड़े कई वाहनों को भी फूंक दिया और पुलिसकर्मियों को परिसर छोड? पर मजबूर कर दिया। इलाके में मुख्य सड़क को भी अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, लाठी-डंडे व झाड़ू लेकर सड़क पर उतरीं महिलाओं ने शव मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। महिलाओं ने बारुईपुर के एसडीपीओ तक को दौड़ाया। अधिकारी ने बताया कि इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को भेजा गया और एसडीपीओ एवं अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को मौके पर ही रोकने की कोशिश कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। रैफ तक को उतारना पड़ा। इसके चलते पूरा इलाका रणक्षेत्र बना रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम से लापता नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी गई तथा पुलिस ने उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं की।



## आरोपित गिरफ्तार, सात दिनों की पुलिस हिरासत

वहीं, हत्या व दुष्कर्म की घटना में एक आरोपित मोस्तकिन सरदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। बारुईपुर पुलिस जिला के अधीक्षक (एसपी) पलाशचंद्र ढाली ने दावा किया कि आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अदालत में पेश करने पर उसे सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपित के पक्ष में कोई वकील भी खड़ा नहीं हुआ। पुलिस ने ग्रामीणों के आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि शिकायत मिलने के तुरंत बाद कार्रवाई की गयी और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने कहा- शुक्रवार रात नौ बजे प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई और शुरूआती जांच के बाद सुबह एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच जारी है और हम मृतका के परिवार के साथ हैं।

## स्थानीय तृणमूल सांसद और विधायक के खिलाफ 'गो बैक' के नारे

बाद में घटनास्थल पर पहुंचे तृणमूल कांग्रेस की स्थानीय सांसद प्रतिमा मंडल और विधायक गणेश चंद्र मंडल को भी ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने जूता-चप्पल दिखाने के साथ उनके खिलाफ गो बैक के नारे लगाए। प्रदेश भाजपा की महासचिव व विधायक अग्निमित्रा पाल सहित अन्य दलों के नेता भी वहां पहुंचकर पुलिस की निष्क्रियता को लेकर घेरा।

## ममता के शासन में महिलाओं की कोई सुरक्षा नहीं : सुकांत मजुमदार

वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि जो घटना घटी है, उससे फिर एक बार प्रमाणित हो गया कि ममता बनर्जी के शासन में महिलाओं की कोई सुरक्षा नहीं है। नवरात्रि में हुई इस दुखद घटना के विरोध में मैंने तय किया है कि मैं इस बार किसी भी दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन नहीं करूंगा। एक बेटी के पिता और सबसे ऊपर एक नागरिक के रूप में उनका यह निर्णय है। इधर, घटना के विरोध में भाजयुमो कार्यकताओं ने कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया।

## यह है घटना

घटना के बारे में बताया गया कि छात्रा शुक्रवार की दोपहर में ट्यूशन पढने निकली थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसके पिता रात में जयनगर थाने गए। आरोप है कि कथित तौर पर पुलिस ने उस समय गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करने में आनाकानी की। इसके बाद छात्रा के पिता घर लौट आए और तलाशी शुरू की। मध्यरात्रि के बाद घर से करीब आधे किलोमीटर दूर एक जलाशय के पास से छात्रा का शव मिला। उसके शरीर पर जख्म के भी कई निशान थे। ग्रामीणों का दावा है कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गयी।

# त्योहारों के दौरान पूर्व तट रेलवे की ओर से अधिक विशेष ट्रेनें चलायी जायेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** त्योहारों सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना बनायी गयी है, जो नवंबर 2024 के अंतिम सप्ताह तक चलेंगी। इस पहल का लक्ष्य 5.32 लाख से अधिक अतिरिक्त यात्रियों को यात्रा पर ले जाना है। इसका अधिकार क्षेत्र, भक्तों और त्योहार पर आने वाले लोगों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प सुनिश्चित करना है। पूर्व तट रेलवे ने महत्वपूर्ण स्टेशनों से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए लगभग 27 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनायी है। इसके अलावा, व्यस्त समय के दौरान रेल संपर्क बढ़ाने के लिए पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में 14 और जोड़ी विशेष ट्रेनें भी चल रही हैं, जिससे इन उच्च यात्री मांग नियमित ट्रेन सेवाओं पर भार कम होगा। पूजा उत्सव के दौरान कुल 1134 ट्रिप स्पेशल ट्रेनें चलेंगी यात्रियों को राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली (एनटीइएस), पूर्व तट रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे स्टेशनों पर पीआरएस पूछताछ काउंटर जैसे विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से इन विशेष ट्रेनों की समय-सारणी और उपलब्धता के बारे में अपडेट रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ये सहज और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करेंगे। पूर्व तट रेलवे अपने यात्रियों के लिए सुविधाजनक और कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, खासकर त्योहारी सीजन के दौरान जब यात्रा की मांग अपने चरम पर होती है। भुवनेश्वर से धनबाद (झारखंड) और यशवंतपुर (बैंगलोर) के लिए विशेष ट्रेनें; पुरी से पटना (बिहार), निजामुद्दीन (दिल्ली), उधना (सूरत-गुजरात) ग्वालियर (मध्य प्रदेश), कोलकाता, संतरागाछी, शालीमार (पश्चिम बंगाल) और भंजपुर (बारीपदा) संबलपुर से इरोड (केरल) विशाखापत्तनम से सिकंदराबाद, बेंगलुरु, तिरूपति, चेन्नई, कोल्लम (केरल), शालीमार और आराकु तक, जबकि ब्रह्मपुर से नांदेड़ (महाराष्ट्र) सिकंदराबाद, सूरत (गुजरात) श्रीकाकुलम से सिकंदराबाद और तिरूपति तक और कटक से हैदराबाद तक चल रहा है।

# सोआ एनसीसी कैडेट ने यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत किर्गिज रिपब्लिक की यात्रा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित देशों के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा रक्षा और पर्यटन पर चर्चा की।**

**भुवनेश्वर।** यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) के छात्र अविनाश नंद, यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम (वाईआईपी) के माध्यम से एनसीसी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए और किर्गिज रिपब्लिक का दौरा करने के बाद कई अनुभवों के साथ भारत लौट आए। सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आईटीईआर) के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र अविनाश भरत, किर्गिज संबंधों और शैक्षिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए एक सप्ताह की यात्रा के बाद 30 सितंबर को भारत लौट आए। अविनाश भारतीय एनसीसी प्रतिनिधिमंडल के पांच सदस्यों के साथ 24 सितंबर को बिश्केक पहुंचे। वहां से लौटने के बाद अविनाश ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक से मुलाकात की और उन्हें अपने अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित देशों के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा, रक्षा और पर्यटन पर चर्चा की। उन्होंने बिश्केक स्थित सैन्य संस्थान की पासिंग आउट परेड में भाग लिया और भारतीय दूतावास द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई. निविदा सूचना सं. पूमरे – मुप्रअ – नि–उ– निविदा – 16–24–25
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम सं 1. ई. निविदा सूचना सं. पूमरे – मुप्रअ –नि–उ–निविदा – 16–24–25 कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में सकरी – निर्मली खंड के गेज परिवर्तन के संबंध में सकरी – निर्मली खंड में पुल संख्या 55, 75ए और 129 (ड्रॉप वॉल, करटेन वॉल और बोल्डर फर्श एवं बोल्डर पिचिंग इत्यादि) के शेष कार्य के साथ–साथ सकरी यार्ड रिमॉडलिंग के लिए पी.वे. कार्य। गिट्टी आपूर्ति का स्रोत पाकुड़ / साहेबगंज रेंज) क्रम सं 2. कार्य का लगभग मूल्य : ₹ 4,86,80,195.58, क्रम सं 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹ 3,93,400.00, क्रम सं 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 23.10.2024 चौदह तीस बजे।, क्रम सं 5. वेबसाईट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि। : उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे /महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/01265/कॉनएन/इंजी./टी/24–25/48


# एफआइवीबी के अध्यक्ष डॉ एरीएस ग्रेसा को किस मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन (एफआइवीबी) के अध्यक्ष डॉ एरी एस ग्रेसा को आज दुनिया भर में खेल को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित किस मानवतावादी पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव की उपस्थिति में प्रदान किया गया। हालांकि इस पुरस्कार की घोषणा 2020 में की गयी थी, लेकिन डॉ ग्रेसा उस समय कोविड-19 महामारी के कारण इसे प्राप्त करने में असमर्थ थे।

राज्यपाल ने अपने भाषण में दुनिया भर में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने और खेल के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए डॉ ग्रेसा की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि किस मानवतावादी पुरस्कार मानवीय और सामाजिक मूल्यों को दशार्ता है, जो दुनिया भर में इन क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को आगे की उपलब्धियों के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री सिंह देव ने डॉ ग्रेसा को पुरस्कार के लिए बधाई दी और किस मानवीय पुरस्कार की स्थापना के लिए डॉ अच्युत सामंत के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान, किट और किस के संस्थापक और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉ अच्युत सामंत ने डॉ ग्रेसा के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि 81 वर्षीय ब्राजीलियाई ने 12 वर्षों से अधिक समय तक FIVB अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। FIVB 222 सदस्य देशों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा खेल महासंघ है। सामंत ने डॉ ग्रेसा को किस मानवतावादी पुरस्कार मिलने पर गर्व व्यक्त किया और इसे विश्व स्तर पर मानवीय और सामाजिक क्षेत्रों में किए गए प्रयासों के लिए मान्यता के प्रतीक के रूप में उजागर करना। डॉ ग्रेसा ने हमेशा देश में वॉलीबॉल को विकसित करने के लिए डॉ सामंत के प्रयासों की प्रशंसा की और पहली बार विशेष रूप से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए भारत आए थे। डॉ ग्रेसा ने कहा कि खेल के माध्यम से उनका प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर में शांति और सद्भाव लाना है। मेरा जुनून सशक्तिकरण, टीम वर्क और अवसरों के मूल्यों को संजोना जारी रखना और वॉलीबॉल के माध्यम से दुनिया की सेवा करना है।

# संबलपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 7 तारीख को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला ओड़िशा इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) द्वारा 132/33 केवी संवलपुर जिले के कटापाली, भूइंडुगुरी, चाऊंरपुर, बिआर स्टील, एमसीएल, रेढाखोल, कदलीगड, नाकटीदेउल, किसिंडा, बाट गांव और आसपास के क्षेत्रों में कटापाली और रेढाखोल ग्रिड सबस्टेशनों पर वार्षिक रखरखाव कार्य 07 तारिखी (सोमवार) प्रातः 7 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए यह रखरखाव आवश्यक है। इसलिए, टीपीडब्ल्यूओडीएल बिजली सेवा के अस्थायी व्यवधान के लिए माफी मांगता है और क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं और जनता से सहयोग का अनुरोध करता है।









# वेदांता ने कलिंगा लांसर्स का पूर्ण मालिकाना हक प्राप्त किया, ओड़िशा में खेल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूती से दिखाया

**हॉकी इंडिया लीग से पहले वेदांता ने भुवनेश्वर स्थित कलिंगा लांसर्स का पूर्ण स्वामित्व ग्रहण किया।**

**ओड़िशा में खेलों को बढ़ावा देने और भारत की खेल उत्कृष्टता में योगदान देने के लिए वेदांता के समर्पण पर प्रकाश डाला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वेदांता लिमिटेड ने हॉकी इंडिया लीग की बहुप्रतीक्षित वापसी से पहले आयोजित एक फ्रैंचाइजी कार्यक्रम में ओड़िशा के भुवनेश्वर स्थित एक प्रमुख हॉकी टीम कलिंगा लांसर्स के अधिग्रहण की घोषणा की है। यह अधिग्रहण ओडिशा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए वेदांता की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, एक ऐसा क्षेत्र जहां कंपनी ने दो दशकों से अधिक समय तक सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पूर्व एचआइएल चैंपियन कलिंगा लांसर्स पर पहले ओड़िशा इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) का सह-स्वामित्व था। वेदांता एल्युमीनियम ने अब पूर्ण स्वामित्व ग्रहण कर लिया है, जिसका उद्देश्य टीम की उत्कृष्टता की विरासत को आगे बढ़ाना और भविष्य के लक्छ सीजन में उनकी स्थिति को ऊपर उठाना है। इस ऐतिहासिक अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक और हिंदुस्तान जिंक की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहाः वेदांता में, हम भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हॉकी भारत की खेल सफलता के स्तंभों में से एक रही है, हाल ही में ओलंपिक जीत ने इसकी क्षमता को और उजागर किया है। कलिंगा लांसर्स के हमारे अधिग्रहण के साथ, हम न केवल टीम में बल्कि भारतीय हॉकी के भविष्य में भी निवेश कर रहे हैं। बेहतर बुनियादी ढांचे, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की खोज और केंद्रित प्रशिक्षण के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एथलीटों की एक नयी पीढ़ी को बढ़ावा देना है जो विश्व मंच पर भारत का गर्व से प्रतिनिधित्व करेंगे। वेदांता का रणनीतिक ध्यान आगामी एचआईएल सीजन के लिए एक प्रतिस्पर्धी टीम को इकट्ठा करने पर होगा, साथ ही बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, प्रायोजन हासिल करना और लीग में लांसर्स की स्थिति को मजबूत करने के लिए साझेदारी की तलाश करना होगा।

ओड़िशा की विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं और समृद्ध हॉकी संस्कृति का लाभ उठाते हुए, वेदांता इस अधिग्रहण को खेल के क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विकास दोनों में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखता है। यह ओड़िशा में सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के कंपनी के व्यापक मिशन के साथ संरेखित है, जबकि भारत के एल्युमीनियम हब और राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में राज्य की भूमिका का समर्थन करता है। ओड़िशा में वेदांता की उपस्थिति महत्वपूर्ण है, कंपनी झारसुगुड़ा में भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम प्लांट (1.8 एमटीपीए) और कालाहांडी में एक अत्याधुनिक एल्युमिना रिफाइनरी (3.5 एमटीपीए) संचालित करती है। वेदांता एल्युमीनियम ने राज्य में 100,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं, जिससे भारत के औद्योगिक परिदृश्य में ओडिशा की अग्रणी स्थिति और मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त, कोयला, बॉक्साइट, फेरोक्रोम और लौह अयस्क में निवेश के माध्यम से, वेदांता मेक इन इंडिया पहल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो भारत के एल्युमीनियम उत्पादन में लगभग 50% का योगदान देता है और देश की आयात पर निर्भरता को कम करता है। यह अधिग्रहण वेदांता के उस मिशन में एक और कदम है, जिसके तहत व्यवसाय वृद्धि को प्रभावशाली सामुदायिक विकास के साथ जोड़ा जायेगा, साथ ही ओड़िशा को भारत में खेल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में स्थापित किया जायेगा।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**